



दैनिक
# वर्तमान सत्ता
नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, मोदीनगर मुरादनगर आदि से प्रसारित
एनसीआर का प्रमुख
25 YEARS
वर्तमान सत्ता प्रकाशन के सफलता के 25 वर्ष
www.vartmansatta.com
वर्षः 28 अंकः 110 नोएडा ( गौतमबुद्धनगर ) बृहस्पतिवार | 27 फरवरी 2025 आर.एन.आई. नं. 72344/98 | email: vartmansatta@yahoo.com पृष्ठ-6, मूल्यः 1.00 रुपया

# महाकुंभ का समापन, सफाई शुरू

## सीएम योगी ने लगाई झाड़ू : मेले में श्रद्धालुओं की भीड़

**वर्तमान सत्ता**

**प्रयागराज।** 45 दिन तक चले महाकुंभ का कल (26 फरवरी) समापन हो चुका है। हालांकि, आज भी मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ है। लोग संगम स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। मेले में दुकानें भी लगी हैं। सीएम योगी, दोनों डिप्टी सीएम के साथ आज सुबह प्रयागराज पहुंचे। महाकुंभ के समापन पर योगी ने पहले अरैल घाट पर झाड़ू लगाई। गंगा नदी से कचरा निकाला। फिर गंगा पूजन भी किया। योगी ने सफाईकर्मियों के साथ जमीन पर बैठकर खाना खाया। दोनों डिप्टी ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य भी मौजूद रहे। सीएम ने कहा– कल महाकुंभ की पूर्णाहुति हुई। आस्था का इतना बड़ा समागम दुनिया के अंदर कहीं नहीं हुआ। कोई घटना नहीं हुई। सपा पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा– विरोधी दूरबीन और माइक्रोस्कोप लगाकर बैठे हुए थे, फिर भी वे घटनाएं उजागर नहीं कर पाए। दुष्प्रचार का कोई मौका उन्होंने नहीं छोड़ा। योगी ने महाकुंभ से जुड़े स्वच्छता कर्मियों को 10 हजार बोनस का ऐलान भी किया। कहा– जिन स्वच्छता कर्मियों को 8 से 11 हजार रुपए महीने के मिलते थे, इसे अप्रैल से बढ़ाकर 16 हजार करेंगे।





महाशिवरात्रि पर महाकुंभ का अंतिम स्नान था। इस दौरान 1.53 करोड़ ने डुबकी लगाई। पूरे महाकुंभ आयोजन के दौरान रिकॉर्ड 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। ये आंकड़ा अमेरिका की आबादी (करीब 34 करोड़) से दोगुना है। संगम में डुबकी लगाने वालों की यह संख्या 193 देशों की जनसंख्या से ज्यादा है। सिर्फ भारत और चीन की आबादी महाकुंभ आए श्रद्धालुओं से ज्यादा है। योगी सरकार ने दावा किया कि दुनिया में हिंदुओं की आधी आबादी के बराबर लोग यहां आए हैं। प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हुआ महाकुंभ 26 फरवरी को महाशिवरात्रि स्नान के साथ संपन्न हुआ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने आयोजन की सफलता पर प्रयागराजवासियों और विभिन्न विभागों का आभार जताया। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ 2025 के लिए सबसे बड़े समन्वयित सफाई अभियान का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। समापन अवसर पर सीएम योगी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने सफाई अभियान में भाग लिया।

योगी ने सफाई कर्मियों और स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा– कल महाकुंभ की पूर्णाहुति हुई। आज आप सभी का अभिवादन करने आया हूं। सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़े सभी विभागों के अद्भुत सहयोग से महाकुंभ सफल रहा। प्रयागराज के लोगों का अभिनंदन करता हूं। जिन्होंने पूरे दो महीने बिना किसी संकोच के इस पूरे आयोजन को अपने घर का आयोजन माना। जिस शहर में 20 लाख 25 लोग रहते हैं, उस शहर में अचानक 5 से 8 करोड़ लोग एक दिन आ जाएं तो क्या स्थिति होगी। जिस घर में 5 लोग रहते हैं, अचानक 10 लोग आ जाएं तो क्या हालत होगी।

## महाकुंभ पर मोदी बोले–कोई कमी रही हो तो माफ करना



महाकुंभ के समापन पर पीएम मोदी ने ब्लॉग लिखा है। इसका शीर्षक है– एकता का महाकुंभ–युग परिर्वतन की आहटश..। उन्होंने लिखा– एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वो सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चौतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता, जैसा हमने महाकुंभ में देखा। इतना विशाल आयोजन आसान नहीं था। मां गंगा, यमुना और सरस्वती से प्रार्थना करता हूं कि अगर हमारी आराधना में कुछ कमी रह गई हो तो क्षमा करिएगा।

उन्होंने लिखा की श्रद्धालुओं की सेवा में भी अगर हमसे कुछ कमी रह गई हो, तो जनता का क्षमाप्रार्थी हूं। पीएम ने सीएम योगी की तारीफ की। उन्होंने कहा– योगी जी के नेतृत्व में शासन, प्रशासन और जनता ने मिलकर इस एकता के महाकुंभ को सफल बनाया। केंद्र हो या राज्य, यहां ना कोई शासक था, ना कोई प्रशासक था, हर कोई श्रद्धा भाव से भरा सेवक था।

## डॉक्टर ने शादी का झांसा देकर अश्लील हरकत की

**वर्तमान सत्ता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर–113 क्षेत्र के सेक्टर–73 में रहने वाली एक युवती के साथ एक कथित डॉक्टर ने शादी का झांसा देकर अश्लील हरकत की। पीड़ित के अनुसार जीवन साथी डांट कॅम पर उसने अपना विवाह करने के लिए प्रोफाइल बनाया था। सोशल मीडिया के माध्यम से आरोपी उससे मिला तथा उसके घर पर आया। उसने उसके साथ बातचीत कर शादी करने का आश्वासन दिया और युवती के घर पर ही अस्मत लूटने का प्रयास कर दिया।

थाना सेक्टर–113 के प्रभारी निरीक्षक कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि सेक्टर–73 में रहने वाली एक युवती ने कोर्ट के आदेश पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवती का आरोप है कि उसने जीवन साथी डॉट कॉम पर शादी करने के लिए अपना एक प्रोफाइल पोस्ट किया था। पीड़िता के अनुसार डॉक्टर सचिन भारद्वाज नामक व्यक्ति उसके संपर्क में आया। उसने उनके साथ बातचीत की तथा उनके घर पर आया।

उसने युवती से कहा कि मैं तुमसे शादी करूंगा। पीड़िता उसकी बातों में आ गई। आरोपी ने उससे कहा कि आप ऐसा महसूस करो कि मैं आपका पति हूं और आप मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाओ। पीड़िता के अनुसार वह उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। उसने धीरे–धीरे उसके कपड़े उतारना शुरू कर दिया, तथा उसके नाजुक अंगों को छूने लगा।

## युवक ने की आत्महत्या

**नोएडा।** सेक्टर 55 में रहने वाले एक बुजुर्ग की देखभाल के लिए रखा गया घरेलू सहायक ने बीती रात को अपने मालिक के घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस के अनुसार उसने घटना से पूर्व उसने अपनी प्रेमिका से बात की थी। उससे विवाद होने के बाद उसने आत्महत्या की है। थाना सेक्टर 58 के प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि विशाल प्रजापत पुत्र राम प्रसाद प्रजापत उम्र 25 वर्ष मूल निवासी सवाई माधोपुर राजस्थान सेक्टर 55 में रहने वाले एक बुजुर्ग व्यक्ति की देखभाल करते थे। उन्होंने बताया कि विशाल प्रजापत ने अपनी प्रेमिका से फोन पर बात की। किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ तथा उसने सेक्टर 55 स्थित अपने मालिक के घर आत्महत्या कर ली।

## पुलिस पर थाने में बंद कर पीटने का आरोप

**वर्तमान सत्ता**

**नोएडा।** फेज–3 थाना क्षेत्र के सेक्टर 71 में दो पक्षों में मारपीट की शिकायत लेकर थाने पहुंचे पीड़ित ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए है। पीड़ित ने मनमुताबिक तहरीर नहीं देने पर थाने में बंद कर पीटने का आरोप लगाया है। माफी मांगने व सादे पेपर पर साइन कराने के बाद पीड़ित पक्ष को छोड़ना बताया है। इस मामले की पुलिस आयुक्त से शिकायत की है। सेंट्रल नोएडा पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोप निराधार हैं। पीड़ित द्वारा थाने मे हंगामा करने पर कार्रवाई करना बताया है। बदरपुर की सविता ने पुलिस आयुक्त को दिए शिकायत पत्र में बताया कि भतीजे की शादी में जाने के दौरान सेक्टर 71 के पेट्रोल पंप पर एक कार सवार युवक से विवाद हो गया था। युवक ने अपने साथियों को बुलाकर मारपीट की थी और पुलिस को डायल 112 पर सूचना देने पर आरोपित भाग गया था। धर्मेंद्र ने अपनी पत्नी के साथ फेज तीन थाने जाकर तहरीर दी थी। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने मारपीट की बजाय तोड़फोड़ की घटना में तहरीर देने को बोला। भाई सोनू के विरोध किया तो पुलिस कर्मियों ने उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि जानकारी होने पर थाने पहुंचे रिश्तेदारों और महिलाओं को भी थाने में नहीं जाने दिया गया। आरोप है कि काफी मिन्नत करने और हाथ जोड़ने के बाद पुलिस मानी करीब चार घंटे बाद छोड़ा। सोनू के शरीर पर चोट के निशान थे। पीड़ित पक्ष ने दिल्ली जीटीबी अस्पताल में सोनू का मेडिकल कराया। उधर, सोनू का कहना है कि घटना के बाद 24 फरवरी को पुलिस आयुक्त कार्यालय जाकर शिकायत की गई थी। अपर पुलिस आयुक्त ने जांच के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर भेज दिया था। डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने बताया कि पेट्रोल पंप पर अभद्रता करने वाले हापुड़ के सौरभ को गिरफ्तार कर लिया गया और आरोपित की कार सीज कर दी गई। उधर, सोनू ने थाने में आकर हंगामा किया था। उसके खिलाफ हंगामा करने की धारा में मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की गई है। थाना पुलिस पर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं।

## पुलिस ने शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया



**वर्तमान सत्ता**

**दादरी।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है। दादरी कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया की पुलिस टीम ने एक शातिर वाहन चोर ज्ञानेंद्र पुत्र गोपीचंद निवासी जीतगढी थाना सिकंदराबाद जिला बुलंदशहर को पेरीफेरल पुल के नीचे से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस की पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि यह मोटरसाइकिल दिल्ली से चोरी की थी। पुलिस आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## पुलिस मुठभेड़ में 50 हजारी इनामी बदमाश हुआ लंगड़ा

**वर्तमान सत्ता**

**दादरी।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत दादरी पुलिस व 50 इनामी बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बदमाश के पास से एक तमंचा एक खोखा कारतूस एक जिंदा कारतूस तथा चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस आरोपी बदमाश के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है। एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया की दादरी पुलिस टीम बसंतपुर बांगर जाने वाली सड़क के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान पुलिस बल को मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति आता दिखाई दिया जिसको पुलिस ने रोकने का इशारा किया तो वह मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति रूकने के बजाय भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस को शक होने पर मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति का पीछा किया तो बाइक सवार बदमाश ने पुलिस के ऊपर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त के पैर में गोली लगने के कारण घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान 50 हजार रुपए पुरस्कार घोषितः वांछित अभियुक्त सोनू उर्फ निजाम पुत्र मेहर उर्फ मेहरुद्दीन उर्फ अल्लाह मैहर निवासी नई बस्ती पट्टी मुंडाला नाला के पास कस्बा व थाना खेकड़ा बागपत के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से एक तमंचा एक जिंदा कारतूस एक खोखा कारतूस तथा चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है। अभियुक्त के द्वारा वर्ष 2022 में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर थाना दादरी क्षेत्र के अंतर्गत केएमपी पर लोहे की चादरो से भरे ट्रक को लूटा था। पुलिस ने पूर्व में ही लूट की घटना में शामिल अन्य अभियुक्त गणों को ट्रक व माल के साथ गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। लूट की घटना में शामिल उक्त बदमाश करीब 3 साल से फरार चल रहा था। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस अभियुक्त के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है।




## अब नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना प्राधिकरण मे

# सम्पत्ति खरीदने-बेचने के एक नियम होंगे

**वर्तमान सत्ता**

**गौतमबुद्धनगर।** प्रदेश सरकार ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण के लिए संपत्ति खरीदने और बेचने को एक नियम लागू करने के लिए यूनिफाइड पॉलिसी मंजूरी कर दी है।इस नियम के तहत अब तीनों ही प्राधिकरण के लिए मंगलवार से शासन के नए आदेश लागू कर दिए गए हैं और पुराने आदेश और नीतियों को निरस्त कर दिया गया है।

शासन के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 2 जनवरी को नोएडा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में यह प्रस्ताव रखा गया था बोर्ड ने कुछ संशोधन के साथ शासन को प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया था अभी तक तीनों प्राधिकरण में कई नियम अलग–अलग थे। यूनिफाइड पॉलिसी को लेकर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ लोकेश एम ने आदेश जारी कर दिया है।




इस आदेश में कहा गया है कि अब सभी काम यूनिफाइड रेगुलेशन 2025 के मुताबिक होंगे। अब तीनों प्राधिकरण में आवंटन निरस्तीकरण लीज डीड का निष्पादन कब्जे आदि से संबंधित नीति एक समान होगी। लीज डीड के प्रावधानों के अतिरिक्त प्राधिकरण की ओर से प्रदान की जाने वाली सेवा का निस्तारण भी एक तरह से ही होगा।

यूनिफाइड पॉलिसी के तहत अनुमति योग्य क्रियाएं भू उपयोग बिडिंग प्रक्रिया आवंटन प्रक्रिया पात्रता ई एम डी की राशि रजिस्ट्रेशन की फीस असफल आवेदकों के मामले, मोड़ ऑफ पेमेंट नाम परिवर्तन लीड पीरियड आवंटन पत्र का निर्गत करना न्यू पॉलिसी स्पेशल परपज कंपनी आवंटित प्लांट को बढ़ाने शेयर होल्डिंग बदलने सीआईसी निदेशकों को बदलने मैनेजमेंट कमेटी को बदलने प्रोजेक्ट में बदलाव बंधक क्रियाशीलता ट्रांसफर पॉलिसी म्यूटेशन प्लॉट को तोड़ने सरेंडर करने जीरो पीरियड पॉलिसी आवंटन निरस्तीकरण आवंटन दोबारा बाहर करने किराया अनुमति लोकेशन कर समेत कई मामलों में नियम एक होते हैं।

प्राधिकरण ने भुगतान के चार विकल्प तय किए हैं पहले विकल्प में आवंटी आवंटन पत्र जारी होने के 90 दिन में पूरा भुगतान कर देता है तो उसे पूरे प्लाट कीमत पर 2 प्रतिशत की छूट मिलेगी। दो–तीन और 5 साल में भी प्लांट की कीमत जमा करने का विकल्प होगा लेकिन इन तीनों विकल्प में ब्याज लगेगा। नोएडा ग्रेटर नोएडा यमुना प्राधिकरण की ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट में आने वाले ग्रुप हाउसिंग प्लॉट के लिए आवेदन करने वाले बिल्डरों के लिए योग्यता मानक भी एक हो गए हैं अब एक लाख वर्ग मीटर तक के प्लॉट के लिए अगर कोई बिल्डर कंपनी आवेदन कर रही है तो उसकी नेटवर्थ 30 करोड रुपए होगी और पिछले 3 महीने का लेनदेन 5 करोड रुपए पिछले 3 साल का टर्नओवर 100 करोड रुपए होना जरूरी है इससे बड़े प्लॉट के लिए नेटवर्थ 60 करोड रुपए तय कर दी गई है 3 महीने का लेनदेन 10 करोड़ और पिछले 3 साल का टर्नओवर 200 करोड रुपए या इससे ज्यादा होना जरूरी है।

खास लोगों के लिए खास अखबार

वर्तमान सत्ता

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का प्रमुख दैनिक

# क्या अनबन दूर होगी?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के साथ वर्षों से चली आ रही अनबन दूर करने और संबंध सुधारने के लिए कुछ अप्रत्याशित कदम उठाए हैं। इससे वैश्विक भूराजनीतिक परिदृश्य पर बड़ी हलचल हुई है। उनकी ऐसी असामान्य सी पहल ने नाटो गठबंधन के भीतर ही दरारें पैदा कर दी हैं। इससे पश्चिमी देश इस बात को लेकर आशंकित हुए हैं कि अमेरिका यूक्रेन और यूरोप की रक्षा के प्रति अपेक्षित दायित्व निभाने का इच्छुक नहीं रह गया है। ट्रंप द्वारा यूरोप को एक तरह से दरकिनार करने और उदारवादियों के सबसे अधिक निशाने पर रहने वाले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मेल–मिलाप से यूरोपीय देशों में निराशा का माहौल है। ट्रंप के रुख–रवैये में आए इस बदलाव से दूसरा परेशान पक्ष है चीन। यूक्रेन के अस्तित्व और रूस के साथ उसके तीन वर्षों से चल रहे युद्ध के अंजाम जैसे विषय विश्व व्यवस्था के लिए अहम तो हैं, पर इससे भी महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या अमेरिका रूस को चीन के चंगुल से निकालकर बाहर लाने में कामयाब हो सकता है? जबसे ट्रंप ने पूर्ववर्ती जो बाइडन प्रशासन की नीतियों को उलटकर पुतिन के साथ नरम रुख अपनाया है तो कुछ टिप्पणीकार इसकी तुलना 'रिवर्स निक्सन' यानी पिछली सदी के आठवें दशक में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन के रणनीतिक उलटफेर से कर रहे हैं। निक्सन ने सोवियत संघ की काट के लिए माओवादी चीन से हाथ मिलाया था। इसने रूस–चीन कम्युनिस्ट गठबंधन में दरार डाली। परिणामस्वरूप अमेरिका शीत युद्ध का विजेता बना। उसी तर्ज पर अब यह माना जा रहा है कि ट्रंप भी इसी प्रकार रूस से तनातनी घटाकर चीन के साथ उसकी घनिष्ठ मित्रता को दुर्बल करने की मंशा से अलग राह पर चल रहे हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने इस संदर्भ में कहा है, 'अमेरिका प्रशांत क्षेत्र में चीन के साथ युद्ध रोकने को प्राथमिकता दे रहा है, यूरोप और एशिया दोनों क्षेत्रों में सैन्य संसाधन बनाए रखने से जुड़ी समस्या की वास्तविकता को भांप रहा है और यह सुनिश्चित करने के लिए यूरोप से कूच करना चाहता है कि एशिया में चीन का प्रतिरोध विफल न हो जाए।' इसका अर्थ है कि रूस के प्रति सकारात्मक रवैया अपनाकर, यूक्रेन युद्ध का अंत कराकर और यूरोप की सुरक्षा का भार यूरोपीय देशों के हाथों सौंप कर अमेरिका अपनी सैन्य और सामरिक ऊर्जा को हिंद–प्रशांत में चीन के विरुद्ध केंद्रित करने का प्रयास करेगा। इससे पहले बाइडन प्रशासन ने भी चीन को अमेरिका का मुख्य प्रतिद्वंद्वी करार दिया था, लेकिन यूक्रेन युद्ध के कारण अमेरिका यूरोप के सुरक्षा मामलों में उलझ गया और एशिया में चीन का डटकर मुकाबला नहीं कर पाया। जहां तक यूक्रेन युद्ध की बात है तो इसने चीन को लाभ पहुंचाया है। इसके चलते रूस पर पश्चिमी देशों का आर्थिक प्रतिबंध और दबाव बढ़ा, जिससे रूस चीन पर अत्यधिक निर्भर होता गया। इसी स्थिति में मास्को और बीजिंग ने 'असीमित मित्रता' का एलान किया था। 'नए शीत युद्ध' के अंतर्गत चीन और रूस सशक्त संयुक्त मोर्चा बनाकर अमेरिका का मुकाबला करने लगे थे और इससे चीन की वैश्विक महत्वाकांक्षा और मनोबल को नए पंखे लगे।

# भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी थे विजय सिंह पथिक

**वर्तमान सत्ता**

**नई दिल्ली।** विजय सिंह पथिक भारत के एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्हें राष्ट्रीय पथिक, के नाम से भी जाना जाता है। उनका जन्म बुलन्दशहर जिले के ग्राम गुठावली कलाँ के एक गुर्जर परिवार में हुआ था। उनके दादा इन्द्र सिंह बुलन्दशहर स्थित मालागढ़ रियासत के दीवान (प्रधानमंत्री) थे जिन्होंने 1857 के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम में अंग्रेजों से लड़ते हुए वीरगति प्राप्त की थी। पथिक के पिता हमीर सिंह गुर्जर को भी क्रान्ति में भाग लेने के आरोप में सरकार ने गिरफ्तार किया था। इन पर उनकी माँ कमल कुमारी और परिवार की क्रान्तिकारी व देशभक्ति से परिपूर्ण पृष्ठभूमि का बहुत गहरा असर पड़ा। युवावस्था में ही उनका सम्पर्क रास बिहारी बोस और शचीन्द्र नाथ सान्याल आदि क्रान्तिकारियों से हो गया था। विजय सिह पथिक उन पहले भारतीय क्रांतिकारियों में से थे जिन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ स्वतंत्रता आंदोलन की मशाल जलाई थी। 1915 के फिरोजपुर षड्यन्त्र के बाद उन्होंने अपना असली नाम भूप सिंह से बदल कर विजयसिंह पथिक रख लिया था। मृत्यु पर्यन्त उन्हें इसी नाम से लोग जानते रहे। मोहनदास करमचंद गांधी के सत्याग्रह आन्दोलन से बहुत पहले उन्होंने बिजौलिया किसान आंदोलन के नाम से किसानों में स्वतंत्रता के प्रति अलख जगाने का काम किया था। इनके पैतृक गांव में इनका एक स्मारक पार्क भी है। जिसमें उनकी भव्य प्रतिमा लगी है।उसमें एक पुस्तकालय और एक जिम हैं।जिसके संरक्षक सूबेदार जयचंद राठी हैं और अध्यक्ष धर्मेंद्र राठी अखत्यारपुर। पथिक के नाम पर ग्रेटर नोएडा में एक स्टेडियम भी बनाया गया है। इनकी जयंती और पुण्यतिथि पर गांव में भव्य कार्यक्रम आयोजित होते हैं।

## पथिक जी की देशभक्ति नि:स्वार्थ थी

पथिक जीवनपर्यन्त नि:स्वार्थ भाव से देश सेवा में जुटे रहे। भारत माता का यह महान सपूत 28 मई 1954 में चिर निद्रा में सो गया। पथिक की देशभक्ति नि:स्वार्थ थी और जब वह मरे उनके पास सम्पत्ति के नाम पर कुछ नहीं था जबकि तत्कालीन सरकार के कई मंत्री उनके राजनैतिक शिष्य थे। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवचरण माधुर ने पथिक का वर्णन राजस्थान की जागृति के अग्रदूत महान क्रान्तिकारी के रूप में किया। पथिक के नेतृत्व में संचालित हुए बिजौलिया आन्दोलन को इतिहासकार देश का पहला किसान सत्याग्रह मानते हैं।

### बिजौलिया किसान आंदोलन

1912 में ब्रिटिश सरकार ने भारत की राजधानी कलकत्ता से हटाकर दिल्ली लाने का निर्णय किया। इस अवसर पर भारत के गवर्नर जनरल लार्ड हाडिंग ने दिल्ली प्रवेश करने के लिए एक शानदार जुलूस का आयोजन किया। उस समय अन्य क्रान्तिकारियों ने जुलूस पर बम फेंक कर लार्ड हार्डिंग को मारने की कोशिश की किन्तु वायसराय साफ बच गया। रास बिहारी बोस, जोरावर सिंह, प्रताप सिंह, पथिक व अन्य सभी सम्बन्धित क्रान्तिकारी अंग्रेजों के हाथ नहीं आये और वे फरार हो गए। 1915 में रास बिहारी बोस के नेतृत्व में लाहौर में क्रान्तिकारियों ने निर्णय लिया कि 21 फरवरी को देश के विभिन्न स्थानों 1857 की क्रान्ति की तर्ज पर सशस्त्र विद्रोह किया जाए। भारतीय इतिहास में इसे गदर आन्दोलन कहते हैं। योजना यह थी कि एक तरफ तो भारतीय ब्रिटिश सेना को विद्रोह के लिए उकसाया जाए और दूसरी तरफ देशी राजाओं की सेनाओं का विद्रोह में सहयोग प्राप्त किया जाए। राजस्थान में इस क्रान्ति को संचालित करने का दायित्व विजय सिंह पथिक को सौंपा गया। उस समय पथिक फिरोजपुर षडयन्त्र केस में फरार थे और खरवा (राजस्थान) में गोपाल सिंह के पास रह रहे थे। दोनों ने मिलकर दो हजार युवकों का दल तैयार किया और तीस हजार से अधिक बन्दूकें एकत्र की। दुर्भाग्य से अंग्रेजी सरकार पर क्रान्तिकारियों की देशव्यापी योजना का भेद खुल गया। देश भर में क्रान्तिकारियों को समय से पूर्व पकड़ लिया गया। पथिक और गोपाल सिंह ने गोला बारूद भूमिगत कर दिया और सैनिकों को बिखेर दिया गया। कुछ ही दिनों बाद अजमेर के अंग्रेज कमिश्नर ने पाँच सौ सैनिकों के साथ पथिक और गोपाल सिंह को खरवा के जंगलों से गिरफ्तार कर लिया और टाडगढ़ के किले में नजरबंद कर दिया। उन्हीं दिनों लाहौर षडयंत्र केस में पथिक का नाम उभरा और उन्हें लाहौर ले जाने के आदेश हुए। किसी तरह यह खबर पथिक को मिल गई और वो टाडगढ़ के किले से फरार हो गए। गिरफ्तारी से बचने के लिए पथिक ने अपना वेश राजस्थानी राजपूतों जैसा बना लिया और चित्तौडगढ़ क्षेत्र में रहने लगे। बिजौलिया से आये एक साधु सीताराम दास उनसे बहुत प्रभावित हुए और उन्होनें पथिक को बिजौलिया आन्दोलन का नेतृत्व सम्भालने को आमंत्रित किया। बिजौलिया उदयपुर रियासत में एक ठिकाना था। जहाँ पर किसानों से भारी मात्रा में मालगुजारी वसूली जाती थी और किसानों की दशा अति शोचनीय थी। पथिक 1916 में बिजौलिया पहुँच गए और उन्होंने आन्दोलन की कमान अपने हाथों में सम्भाल ली।

प्रत्येक गाँव में किसान पंचायत की शाखाएँ खोली गई। किसानों की मुख्य माँगें भूमि कर, अधिभारों एवं बेगार से सम्बन्धित थी। किसानों से 84 प्रकार के कर वसूले जाते थे। इसके अतिरिक्त युद्व कोष कर भी एक अहम मुददा था। एक अन्य मुददा साहूकारों से सम्बन्धित भी था जो जमीदारों के सहयोग और संरक्षण से किसानों को निरन्तर लूट रहे थे। पंचायत ने भूमि कर न देने का निर्णय लिया गया। किसान वास्तव में 1917 की रूसी क्रान्ति की सफलता से उत्साहित थे, पथिक ने उनके बीच रूस में श्रमिकों और किसानों का शासन स्थापित होने के समाचार को खूब प्रचारित किया था। विजय सिंह पथिक ने कानपुर से प्रकाशित गणेशशंकर विद्यार्थी द्वारा सम्पादित पत्र प्रताप के माध्यम से बिजौलिया के किसान आन्दोलन को समूचे देश में चर्चा का विषय बना दिया।


1919 में अमृतसर कांग्रेस में पथिक के प्रयत्न से बाल गंगाधर तिलक ने बिजौलिया सम्बन्धी प्रस्ताव रखा। पथिक ने बम्बई जाकर किसानों की करुण कथा गांधीजी को सुनाई। गांधीजी ने वचन दिया कि यदि मेवाड़ सरकार ने न्याय नहीं किया तो वह स्वयं बिजौलिया सत्याग्रह का संचालन करेगें। महात्मा गांधी ने किसानों की शिकायत दूर करने के लिए एक पत्र महाराणा को लिखा पर कोई हल नहीं निकला। पथिक ने बम्बई यात्रा के समय गांधीजी की पहल पर यह निश्चय किया गया कि वर्धा से राजस्थान केसरी नामक पत्र निकाला जाये। पत्र सारे देश में लोकप्रिय हो गया, परन्तु पथिक का जमनालाल बजाज की विचारधारा से मेल नहीं खाया और वे वर्धा छोड़कर अजमेर चले गए।

1920 में पथिक के प्रयत्नों से अजमेर में राजस्थान सेवा संघ की स्थापना हुई। शीघ्र ही इस संस्था की शाखाएँ पूरे प्रदेश में खुल गईं। इस संस्था ने राजस्थान में कई जन आन्दोलनों का संचालन किया। अजमेर से ही पथिक ने एक नया पत्र नवीन राजस्थान प्रकाशित किया। 1920 में पथिक अपने साथियों के साथ नागपुर अधिवेशन में शामिल हुए और बिजौलिया के किसानों की दुर्दशा और देशी राजाओं की निरंकुशता को दर्शाती हुई एक प्रदर्शनी का आयोजन किया। गांधी जी पथिक के बिजौलिया आन्दोलन से प्रभावित तो हुए परन्तु उनका रुख देशी राजाओं और सामन्तों के प्रति नरम ही बना रहा। कांग्रेस और गांधीजी यह समझने में असफल रहे कि सामन्तवाद साम्राज्यवाद का ही एक स्तम्भ है और ब्रिटिश साम्राज्यवाद के विनाश के लिए साम्राज्यवाद विरोधी संघर्ष के साथ–साथ सामन्तवाद विरोधी संघर्ष आवश्यक है। गांधीजी ने अहमदाबाद अधिवेशन में बिजौलिया के किसानों को हिजरत (क्षेत्र छोड़ देने) की सलाह दी। पथिक ने इसे अपनाने से यह कहकर इनकार कर दिया कि यह तो केवल हिजड़ों के लिए ही उचित है मर्दों के लिए नहीं। सन् 1921 के आते–आते पथिक ने राजस्थान सेवा संघ के माध्यम से बेगू, पारसोली, भिन्डर, बासी और उदयपुर में शक्तिशाली आन्दोलन किए। बिजौलिया आन्दोलन अन्य क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गया था। ऐसा लगने लगा मानो राजस्थान में किसान आन्दोलन की लहर चल पड़ी है। इससे ब्रिटिश सरकार डर गई। इस आन्दोलन में उसे बोल्शेविक आन्दोलन की प्रतिच्छाया दिखाई देने लगी। दूसरी ओर कांग्रेस के असहयोग आन्दोलन शुरू करने से भी सरकार को स्थिति और बिगड़ने की भी आशंका होने लगी। अंततरू सरकार ने राजस्थान के ए० जी० जी० हालैण्ड को बिजौलिया किसान पंचायत बोर्ड और राजस्थान सेवा संघ से बातचीत करने के लिए नियुक्त किया। शीघ्र ही दोनो पक्षों में समझौता हो गया। किसानों की अनेक माँगें मान ली गईं। चौरासी में से पैंतीस लागतें माफ कर दी गईं। जुल्मी कारिन्दे बर्खास्त कर दिए गए। किसानों की अभूतपूर्व विजय हुई। इस बीच में बेगू में आन्दोलन तीव्र हो गया। मेवाड सरकार ने पथिक को गिरफ्तार कर लिया और उन्हें पाँच वर्ष की सजा सुना दी गई। लम्बे अरसे की कैद के बाद पथिक अप्रैल 1927 में रिहा हुए।

### विधवा अध्यापिका से किया था विवाह

48 वर्ष की अधेड़ आयु में उन्होंने 1930 में एक विधवा अध्यापिका से विवाह करके गृहस्थ जीवन शुरू किया ही था कि एक माह बाद उन्हें फिर गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी पत्नी जानकी देवी ने ट्यूशन करके घर का खर्च चलाया।

पथिक को इस बात का मरते दम तक अफसोस रहा कि वे राजस्थान सेवा आश्रम को ज्यादा दिनों तक चला न सके और अपने मिशन को अधूरा छोड़ कर चले गये। गांधीजी का उनके बारे में कहना था–और लोग सिर्फ बातें करते हैं परंतु पथिक एक सिपाही की तरह काम करता है। उनके काम को देखकर ही उन्हें राजपूताना व मध्य भारत की प्रांतीय कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।




## राजस्थान केसरी के नाम निकाला था समाचार पत्र

राजस्थान के स्वतंत्रता सेनानी विजय सिंह पथिक ने एक समाचार पत्र निकाला जिसे राजस्थान केसरी के नाम से जाना जाता था। वे राजस्थान केसरी, नवीन राजस्थान के संपादक थे। उन्हें राष्ट्रीय पथिक के नाम से जाना जाता था। उन्होंने भारत में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध सक्रिय रूप से भाग लिया और कई भारतीय नेता उनसे प्रभावित हुए।

## उनकी कुछ पुस्तकें इस प्रकार हैं

1. चुनाव पद्धतियां और जन–सत्ता 1923
2. अजय मेरु (उपन्यास),
3. पथिक प्रमोद (कहानी संग्रह),
4. पथिक के जेल के पत्र एवं
5. पथिक की कविताओं का संग्रह

## कवि लेखक और पत्रकार भी थे पथिक जी

पथिक क्रांतिकारी व सत्याग्रही होने के अलावा कवि, लेखक और पत्रकार भी थे। अजमेर से उन्होंने नव संदेश और राजस्थान संदेश के नाम से हिन्दी के अखबार भी निकाले। तरुण राजस्थान नाम के एक हिन्दी साप्ताहिक में वे ष्राष्ट्रीय पथिकष् के नाम से अपने विचार भी व्यक्त किया करते थे। पूरे राजस्थान में वे राष्ट्रीय पथिक के नाम से अधिक लोकप्रिय हुए।

# यूपी में 57 हजार से अधिक ऊर्जा सखी की तैनाती करेगी सरकार

**वर्तमान सत्ता**

**मेरठ।** मेरठ। सोलर सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने बजट में प्रदेशभर की 57 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में ऊर्जा सखी रखने का निर्णय लिया है। जिसमें से मेरठ की 479 ग्राम पंचायतों में भी 479 ऊर्जा सखियों को तैनात किया जाएगा। इसके लिए 31 मार्च से भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। ऊर्जा सखी की क्या योग्यता होगी और उसे किन किन शर्तों से गुजरना होगा।

अभी यह तय नहीं है। यह गांवों में सोलर सिस्टम को बढ़ावा देंगी और अधिक से अधिक संख्या में सोलर सिस्टम लगवाएंगी। बता दें कि अभी तक पीएम सूर्य घर योजना के तहत जनपद में लगभग 30 हजार आवेदन आए हैं। जिसमें से 1600 घरों पर ही सोलर सिस्टम लगा है। यह राज्य आजीविका ग्रामीण मिशन के सहयोग से किया जाएगा।

### हर ब्लाक में खुलेंगी चार सोलर दुकानें

जिस तरह से सरकार राशन की दुकानों का आवंटन करती हैं। ठीक इसी तरह से सोलर की दुकानों का भी 31 मार्च तक आवंटन होगा। मेरठ में 12 ब्लाक है। प्रत्येक ब्लाक में चार दुकानें खोली जाएगी। पूरे जनपद में 48 दुकानें खोली जाएगी। इन दुकानों पर सोलर सिस्टम से संबंधित सभी सामान उपलब्ध होगा। वह भी सरकारी रेट पर दिया जाएगा। परियोजना निदेशक प्रमोद भूषण पाल ने बताया कि प्रत्येक गांव में ऊर्जा सखी रखने की बात सामने आई है, लेकिन अभी लिखित में कुछ नहीं आया है। ऊर्जा सखी महिलाओं को सोलर दीदी भी कहा जाएगा। यह महिलाएं गांव की समूह वाली महिलाओं को सोलर आटा चक्की, सोलर वाटर पंप, सोलर कोल्ड स्टोरेज, सोलर फूड प्रोसेसिंग मशीन आदि लगाने के लिए प्रेरित करेंगी।

### क्या है पीएम सूर्य घर योजना

मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल ने बताया कि इस योजना के तहत यदि कोई अपने घर में एक किलोवाट का सोलर सिस्टम लगवाता है तो सरकार उसे 30 हजार रुपये देगी, जबकि इसमें लागत डेढ़ लाख से अधिक आती है। इसी तरह से दो किलोवाट में सरकार 60 हजार और तीन किलोवाट या फिर उससे अधिक में 78 हजार रुपये का अनुदान देगी। जबकि इन्हें लगाने में अधिक खर्च आता है।

मुख्य विकास अधिकारी ने सोलर सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने एक प्रतियोगिता भी निकाली है।

**Name change**

I, have changed my name from NARENDRA GAMBHIR to NARENDER GAMBHIR S/o P.L.Gambhir R/O 79, Mawana Road, Yashoda Kunj, Distt. Meerut U.P. forever.

**सर्वसाधारण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सर्वोदय नगर के भवन सं०-581 पिन सं०-VN26925 पर नगर निगम अभिलेखों में कमलेश (मल) का नाम दर्ज है। श्री अखिलेश शर्मा पुत्र श्री स्वः यादराम शर्मा द्वारा प्रार्थना पत्र दिनांक 27.01.2025 के द्वारा विभाग को पंजीकृत रजिस्ट्री, शपथ पत्र, आधार कार्ड संलग्नकर अवगत कराया गया है कि उपरोक्त भवन पर भवन स्वामी का नाम श्री कमलेश (मल) त्रुटि पूर्ण दर्ज है। प्लॉट की क्रमागत रजिस्ट्री में भी कमलेश का उल्लेख नही है। वर्तमान में भवन स्वामी अपने परिवार सहित मौके पर काबिज है। स्थलीय जाँच में पाया कि भवन सं०-579 एवं 582 के मध्य भवन सं०-581 स्थित है। भवन की रजिस्ट्री वर्ष 2006 में श्रीमती जगवती विक्रेता से श्री अखिलेश शर्मा पुत्र स्वः श्री यादराम शर्मा के नाम पंजीकृत है। भवन का निर्माण 2010 में किया गया है। सम्भवतः भवन स्वामी का नाम सर्वे में कमलेश (मल) दर्ज हो गया है। अतः नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213 (छ) के अन्तर्गत भवन सं०-581 पिन सं०-VN26925 पर कमलेश के स्थान श्री अखिलेश शर्मा पुत्र स्वः श्री यादराम शर्मा करने हेतु सूचना प्रकाशित की जा रही है। उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति है तो लिखित साक्ष्यों सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 30 दिन के अन्दर कार्य दिवस में प्रस्तुत करें। समयावधि पूर्ण होने के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जाएगा।

कर अधीक्षक
विजय नगर जोन
नगर निगम गाजियाबाद

## अंग्रेजी हुकूमत को हिलाने वाले कवि, लेखक

# विजयसिंह पथिक का जुनून

**वर्तमान सत्ता**

**आगरा।** उत्तर प्रदेश 12 दिसंबर 1911 को जार्ज पंचम के दिल्ली दरबार के बाद वायसराय लार्ड हार्डिंग की दिल्ली सवारी निकल रही थी। हार्डिंग पत्नी के साथ एक हाथी पर बैठे हुए थे। जब काफिला चांदनी चौक पहुंचा तो अवसर पाते ही वायसराय पर एक बम फेंका गया, जिसके फटते ही जोरदार धमाका हुआ और वायसराय बेहोश होकर एक तरफ जा गिरे। अफरा–तफरी का लाभ उठाकर क्रांतिकारी हमलावर वहां से बच निकले। इस कांड के आरोपी रास बिहारी बोस, जोरावर सिंह, प्रताप सिंह, विजय सिंह पथिक अन्य क्रांतिकारी अंग्रेजों के हाथ नहीं आए।




विजय सिंह पथिक ने कानपुर से प्रकाशित गणेश शंकर विद्यार्थी द्वारा संपादित पत्र श्प्रतापश के माध्यम से बिजौलिया के किसान आंदोलन को समूचे देश में चर्चा का विषय बना दिया। ब्रिटिश शासन के विरुद्ध क्रांतिकारी आंदोलन जोरों पर थे। महात्मा गांधी ने उस नवयुवक का जुनून देखकर कहा था, श्और लोग सिर्फ बातें करते हैं, परंतु पथिक एक सिपाही की तरह काम करता है। उनकी गांधी जी से कई मुद्दों पर असहमति थी। वह कांग्रेस और गांधी जी को यह समझने में असफल रहे कि ब्रिटिश साम्राज्यवाद के विनाश के लिए साम्राज्यवाद विरोधी संघर्ष के साथ–साथ सामन्तवाद विरोधी संघर्ष आवश्यक है। उनके निरंतर प्रयासों से राजस्थान में किसान आंदोलन की लहर चल पड़ी थी, जिससे एकबारगी ब्रिटिश सरकार भयाक्रांत हो गई।

कांग्रेस के असहयोग आंदोलन शुरू करने से भी ब्रिटिश सरकार को स्थिति और बिगडने की भी आशंका होने लगी। अंततरू सरकार ने किसानों की अनेक मांगें मानकर समझौता कर लिया। उत्पीडन के दोषी कारिंदों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया, परंतु बेगू में आंदोलन उग्र होकर अनियंत्रित हो गया। तब सरकार ने पथिक जी को दोषी मानते हुए गिरफ्तार कर लिया। उन्हें पांच वर्ष की सजा सुनाई गई। पथिक जी अप्रैल 1927 में इस सजा से रिहा हुए। आरोप था कि वर्ष 1929 को लाहौर असेंबली में जो बम फेंका गया था उसे पथिक जी ने ही तैयार किया था। उनकी मुख्य पुस्तकें अजय मेरु, पथिक प्रमोद, जेल के पत्र आदि हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए उनके विचारों, उनका प्रकाशन और क्रांतिकारी तरीकों को देखकर ही उन्हें राजपूताना व मध्य भारत की प्रांतीय कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। उनकी कविता की यह पंक्तियां लोगों की जुबान पर चढ़ी थीं, जिसमें उन्होंने कहा था।

पथिक जी का झुकाव गांधीवादी विचारधारा की ओर हुआ और वह सत्याग्रह के मार्ग पर चल पड़े । बिजोलिया का विश्व प्रसिद्ध किसान सत्याग्रह पथिक जी के ही कुशल नेतृत्व में हुआ था आज पूरे देश में विभिन्न स्थानों पर पथिक जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं । मैं पथिक जी की लिखी दो पंक्तियों के साथ उनके चरणों में अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं रू–

**यश वैभव सुख की चाह नहीं, परवाह नहीं जीवन न रहे,**

**यदि इच्छा है तो यह है, जग में स्वेच्छाचार दमन न रहे।**

वर्ष 1930 में ब्रिटिश सरकार ने उन्हें फिर गिरफ्तार कर लिया। उनकी पत्नी जानकी देवी ने ट्यूशन करके घर का खर्च चलाया। 28 मई सन् 1954 को पथिक जी की मृत्यु हुई, तब उनके पास संपत्ति के नाम पर कुछ नहीं था।

# अखिल भारतीय गुर्जर महासभा ने मनाई विजय सिंह पथिक जयंती

## आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया



**वर्तमान सत्ता**

**बयाना।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा ने बयाना के सालाबाद गांव में स्वतंत्रता सेनानी विजय सिंह पथिक की 144वीं जयंती मनाई। कार्यकर्ताओं ने पथिक की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र सिंह कंसाना ने बताया कि पथिक का जन्म बुलंदशहर के गुठावली कलां गांव में हुआ था। उनके परिवार की क्रांतिकारी और देशभक्ति से भरी पृष्ठभूमि का उन पर गहरा प्रभाव पड़ा। पथिक ने राजस्थान के बिजोलिया संभाग में किसानों में अधिकार चेतना जगाई। उन्होंने विदेशी और देसी शासकों के शोषण के खिलाफ जन क्रांति का नेतृत्व किया। उनकी किसान क्रांति योजना से अंग्रेज भी भयभीत रहते थे। कार्यक्रम में यशपाल सिंह कसाना, विजय सिंह, अशोक पंडित समेत कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। सभी वक्ताओं ने युवाओं से पथिक के आदर्शों को अपनाने की अपील की। इसके अलावा राजस्थान समेत देश के अन्य जगहों पर भी देश के महान क्रांतिकारी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई।

दैनिक वर्तमान सत्ता
गाजियाबाद

# देह व्यापार में शामिल एक महिला गिरफ्तार

**गाजियाबाद, वर्तमान सत्ता।** इंदिरापुरम पुलिस और थाना कौशाम्बी की संयुक्त टीम ने मंगलवार को एक खोज एवं बचाव अभियान के दौरान वैशाली सेक्टर–4 स्थित एक मकान में चल रहे अनैतिक देह व्यापार का भंडाफोड़ किया। इस कार्रवाई में तीन पीड़ित महिलाओं को रेस्क्यू किया गया और इस अवैध काम में शामिल एक महिला संचालिकाध्मैनेजर को गिरफ्तार किया गया। महिला के कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई। पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली थी कि वैशाली सेक्टर–4 स्थित मकान में अनैतिक देह व्यापार का संचालन किया जा रहा है, जिसमें गरीब और भोली–भाली महिलाओं को बहलाकर देह व्यापार में धकेला जा रहा है। इसके बाद सहायक पुलिस आयुक्त, इंदिरापुरम और थाना कौशाम्बी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उस मकान पर छापा मारा, जहां तीन महिलाओं को बचाया गया।

## पैराई सत्र से पूर्व गन्ना किसानों का भुगतान करे शुगर मिल : डीएम



**वर्तमान सत्ता**
**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट में डीएम दीपक मीणा की अध्यक्षता में किसानों के गन्ना भुगतान के सम्बंध में शुगर मिल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत हुई।

बैठक के दौरान डीएम ने शुगर मिल के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि वे आने वाले पैराई सत्र यानि दीपावली से पूर्व ही गन्ना किसानों को शतकृ प्रतिशत भुगतान करना सुनिश्चित करें। साथ ही किसानों द्वारा विक्रय के लिए लाये जाने वाले गन्ने की ढुलाई शासन के निर्देशानुसार एवं नियमानुसार ही कराये, यदि ऐसा पाया जाता है तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि गन्ना क्रय केन्द्र पर किसी भी कारण से घटतौली नहीं होनी चाहिए, ऐसा पाया जाने पर उनके खिलाफ कानून कार्यवाही की जायेगी। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी प्रदीप कुमार एवं शुगर मील से प्रतिभाग करने वालों में मुख्य रूप से डीडी कौशिक जीएम (पीआर), सुरेश शर्मा डीजीएम, ए0ए0खान एजीएम, कुलदीप सिंह मैनेजर, विवेक कुमार, एल0डी0 शर्मा, केपी सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नशीला इंजेक्शन लगाकर तीन युवको ने किया

# महिला के साथ गैंगरेप

**वर्तमान सत्ता**
**गाजियाबाद।** जिले में बाजार से घर जा रही महिला को कार सवार तीन युवकों ने अगवा कर लिया। उसके साथ मारपीट की, नशीला इंजेक्शन लगाकर उसके साथ गैंगरेप किया। उसके शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ भी डाला। आरोप लगाया कि एक युवक ने उसके प्राइवेट पार्ट में बोतल डालने का प्रयास किया। उसने विरोध किया तो उसे पीटा। फिर उसे घायल अवस्था में रेलवे क्रासिंग के पास फेंक कर फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही पीड़िता की तहरीर पर तीन पर मुकदमा दर्ज किया है। मामला कविनगर थाना क्षेत्र का है।




पीड़िता के मुताबिक– मैं सोमवार रात को बाजार से अपने घर जा रही थी। इस बीच कार सवार तीन युवकों ने मुझे अगवा कर लिया। चलती कार में मेरे साथ गैंगरेप किया। एक ने मेरे प्राइवेट पार्ट में बोतल डालने की कोशिश की। विरोध पर उसे जमकर पीटा। फिर मुझे रेलवे क्रासिंग के पास फेंक कर फरार हो गए। होश में आने पर मैंने डायल 112 व थाना पुलिस को सूचना दी।


पुलिस का कहना है कि पीड़िता का मेडिकल कराकर शिकायत के आधार पर दीपक चौहान उर्फ मोहंती एवं वैभव चौहान उर्फ रोबिन और एक अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पीड़िता का मेडिकल कराया गया है, मेडिकल में रेप की पुष्टि नहीं हुई है। जो घटनाक्रम पीड़िता ने बताया कि वह भी सही नहीं पाया गया। ऐसे में पीड़िता द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है। पुलिस जल्द ही इस केस का खुलासा कर सकती है। यह महिला एक महीने में रेप के 2 मुकदमे दर्ज करा चुकी है। पुलिस के मुताबिक 28 साल की विवाहिता कविनगर क्षेत्र में रह रही है। 2021 में फेसबुक से एक युवक से दोस्ती हुई। जिसके बाद दोनों में नजदीकियां बढ़ती गई। जहां दोनों ने मिलना जुलना शुरू किया। 2022 में पीड़िता ने अपने प्रेमी से लव मैरिज कर ली। जहां दोनों किराए के फ्लैट में रहे। कुछ समय पहले प्रेमी यानी पति से विवाद हो गया।

एक माह पहले पीड़िता ने कविनगर थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया था कि एक युवक जिससे मेरी दोस्ती थी उसने मेरे साथ धोखा किया। शादी का झांसा देकर रेप किया। इसी तहरीर पर विवाहिता ने अपने कथित पति, पति के दोस्त और एक महिला पर आरोप लगाया है।

पुलिस का कहना है कि जिसके साथ पीड़िता 3 साल रिलेशनशिप में रही, उसके खिलाफ भी रेप की धारा में केस दर्ज है। इस केस की पुलिस जांच कर रही है।

## मुरादनगर के शिवालयों में जल अभिषेक करने वाले भक्तो का लगा रहा ताता





**वर्तमान सत्ता**
**मुरादनगर।** महाशिवरात्रि पर क्षेत्र के शिवालयों में जल अभिषेक करने वाले भक्तो का लगा ताता प्राचीन घुमेश्वर महादेव मंदिर सुराना मुरादनगर में जल अभिषेक करने वाले भक्तो की लगी लंबी लाइन हरिद्वार से कांवड़ मै जल लेकर आए पैदल कांवड़ियों का सर्व प्रथम जल अभिषेक हुआ।

अखिल भारतीय परशुराम सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं विनोद कुमार मिश्रा ने प्रयागराज से त्रिवेणी का जल लेकर आए प्राचीन घुमेश्वर महादेव मंदिर में जल अभिषेक किया जल अभिषेक कर दूध दही बेल पत्र भांग धतूरा आदि से भोले शंकर का अभिषेक किया तथा पूरे विधि विधान से परिवार सहित पूजा अर्चना की परिवार व राष्ट्र व प्राणिमात्र के कल्याण की कामना की घुमेश्वर महादेव मंदिर को पूरी तरह से सजाया गया था वहां की डेकोरेशन देखने लायक थी झूले खेल तमाशे व बच्चों के खेल खिलौने आदि के बाजार सजे हुए थे जिसमें काफी भीड़ थी भगत गण बोल बम बोल बम जय कारों के साथ लाइन लगाकर जल अभिषेक कर रहे थे इस व्यवस्था मै घुमेश्वर महादेव मंदिर कमेटी पूर्ण सहयोग कर रही थी पुलिस व्यवस्था बहुत अच्छी थी किसी भगत गण को जल अभिषेक करने मै कोई दिक्कत नहीं हुई लाला सुशील कुमार गोयल अमरीश गोयल रघुनंदन रस्तोगी राकेश मोहन गोयल राम किशन बंधु जिला पंचायत सदस्य विकास यादव पं यश शर्मा गौरव मिश्रा आकाश शर्मा यतिदेव शर्मा प्रमोद कौशिक लाला राकेश कुमार गर्ग महेश गर्ग सोमदत्त शर्मा आदि गणमान्य जनो परिवार सहित भोले बाबा जल अभिषेक किया एसीपी सिद्धार्थ गौतम एसएचओ शैलेंद्र सिंह तोमर रावली चौकी इंचार्ज ने भी घुमेश्वर महादेव मै जल अभिषेक किया। मुरादनगर शहर के सभी मंदिरों में बहुत अच्छी सजावट थी जल अभिषेक करने वालों का तता लगा हुआ था राधा कृष्ण बड़ा मंदिर सोती वाला शिव मंदिर काली गली शिव मंदिर राधा कृष्ण छोटा मंदिर विजय मंडी शिव मंदिर पुरानी गुड़ मंदिर शिव मंदिर असालतनगर शिव मंदिर वडि शिव मंदिर सरना शिव मंदिर जीतपुर शिव मंदिर गंगा विहार शिव मंदिर डिफेंस कॉलोनी शिव मंदिर बस स्टैंड शिव मंदिर बस स्टैंड अखाड़ा मंदिर आदि मंदिरों में जल अभिषेक करने वालों का ताता लगा हुआ था वो बम भोले बम भोले के जयकारों के साथ जल अभिषेक कर रहे थे गंग नहर छोटा हरिद्वार सुबह से ही स्नान करने वालों की भीड़ होने लगी थी भगत गण गंगा मै स्नान कर गंग नहर के शिवालय में ही बम भोले जय कारों के साथ जल अभिषेक कर रहे थे गंग नहर पर पुलिस व्यवस्था चार चौबंद थी एसीपी सिद्धार्थ गौतम थाना अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह तोमर मै फोर्स के गंग नहर पर बनाए गए थे मुरादनगर के सभी मंदिरों में पुलिस व्यवस्था चार चौबंद थी।

## सात लोगों पर कार चढ़ाई

**मोदीनगर।** दिल्ली–मेरठ मार्ग पर निवाड़ी थाना क्षेत्र के गांव अबूपुर स्थित सहरावत फार्म हाउस में आयोजित शादी समारोह में डीजे पर नाचने से मना करने पर पड़ोसी मंडप ईको फार्म हाउस में आए बरातियों ने सात लोगों पर कार चढ़ा दी। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। काजमपुर गांव निवासी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि उनकी भतीजी का शादी समारोह सहरावत फार्म हाउस में था। बताया कि पड़ोसी मंडप ईको फार्म हाउस में भी लोनी से बरात आई थी। इसी बीच ईको फार्म हाउस में आए बराती जबरन उनकी बरात के डीजे पर नाचने लगे। इस बात पर दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया। नशे में धुत आरोपी बराती मारपीट करने लगे।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय वसुंधरा

# आश्रम में धूमधाम से मना शिव रात्रि पर्व



**वर्तमान सत्ता**
**गाजियाबाद।** राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुतीश ने कहा शिव के साथ जुड़ी हुई श्रात्रिश आध्यात्मिक रहस्य की ओर संकेत है। हमारे यहां बच्चे का जन्म अगर रात को भी होता है तब भी हम उसका जन्मदिन मनाते हैं। यदि किसी महापुरुष का जन्म होता है तो कहते हैं आज उनकी जयन्ती है या किसी देवी–देवता का जन्मोत्सव मनाते हैं तो कहते हैं अष्टमी, नवमी आदि है। परंतु रात्रि अर्थात विकारों ओर पापों से भरी हुई दुनिया में पतित पावन परमपिता शिव इस सृष्टि में दिव्य जन्म लेते हैं।

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी राजेश ने कहा शिव का अर्थ है श्कल्याणकारीश। परमात्मा का यह नाम इसलिए है कि वह धर्मग्लानि के समय, जब सभी मनुष्यात्माएं माया अर्थात् काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार पांच विकार के कारण दुःखी, अशांत, पतित एवं भ्रष्टाचारी बन जाती हैं तब उनको पुनः पावन तथा संपूर्ण बनाने का कल्याणकारी कर्तव्य करते हैं। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुनीता ने कहा शिव ब्रह्मलोक में निवास करते हैं और वे कर्म भ्रष्ट तथा धर्म भ्रष्ट संसार का उद्धार करने ब्रह्मलोक से नीचे उतर कर एक मनुष्य के शरीर का आधार लेते हैं। परमात्मा शिव के इस अवतरण अथवा दिव्य एवं अलौकिक जन्म की स्मृति में ही श्शिवरात्रिश का त्योहार मनाया जाता है।

परमात्मा शिव किसी माता के गर्भ से जन्म नहीं लेते क्योंकि वे तो स्वयं ही सबके माता–पिता हैं, मनुष्य सृष्टि के चौतन्य बीज रूप हैं और जन्म–मरण तथा कर्म–बंधन रहित हैं। वे एक साधारण मनुष्य के वृद्धावस्था वाले तन में प्रवेश करते हैं। इसे ही परमात्मा शिव का श्दिव्य जन्मश अथवा श्अवतरणश कहा जाता है क्योंकि वे जिस तन में प्रवेश करते हैं वह एक जन्म–मरण तथा कर्म–बन्धन के चक्कर में आने वाली मनुष्यात्मा ही का शरीर होता है।

ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी गुंजन ने कहा प्रायः सभी धर्मों के लोग कहते हैं कि परमात्मा एक है और सभी का पिता है तथा सभी मनुष्य आपस में भाई–भाई हैं। परन्तु प्रश्न उठता है वह एक पारलौकिक परमपिता कौन है जिसे सभी मानते है? आप देखेंगे कि भले ही हरेक धर्म के संस्थापक अलग–अलग हैं परन्तु हरेक धर्म के अनुयायी निराकार, ज्योतिस्वरूप परमात्मा शिव की प्रतिमा (शिवलिंग) को किसी न किसी रूप में मान्यता देते हैं। भारत में परमपिता परमात्मा शिव के ज्योतिस्वरूप शिवलिंग की व्यापक स्तर पर मान्यता तो देते ही हैं परन्तु भारत से बाहर भी दूसरे धर्मों के लोग भी इसको किसी न किसी रूप में मान्यता देते हैं।

मुख्य अतिथि के रूप में पधारे अंतरराष्ट्रीय कुश्ती चौंपियन, उपनिरीक्षक और मुख्य भारतीय कोच केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल( सीआईएसएफ) सतपाल यादव जी उर्फ सत्तन यादव ने कहा इस शिवरात्रि पर्व पर हम सभी यह दृढ़ संकल्प लें कि हम देहाभिमान त्याग कर, आत्म–स्थिति में स्थित होकर व आत्मा के मूल गुणों को धारण कर जीवन के व्यवहार में लायेंगे, मुझे यहां आकर विशेष अनुभूति हो रही है शांति का अनुभव हो रहा है सभी बहने त्याग और तपस्या में लगी हैं यह ही वास्तव में पतित पावन गंगा हैं जो हमारे अंदर विद्यमान विकारों का शिव बाबा के दिव्य ज्ञान द्वारा विनाश करती हैं।


विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारी उत्तम स्कूल गाजियाबाद की अध्यापिका, राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित,संस्कृत के प्रचार प्रसार में अग्रसर श्रीमती नीता सैनी जी ने कहा हम सभी शिवरात्रि पर ऊपर उपवास रखते हैं जिसमें भोजन आदि का त्याग करते हैं परंतु इससे कहीं अधिक आज उपवास के अवसर पर हम अपनी बुराइयों का त्याग करें काम क्रोध लोभ मोह अहंकार को अपने जीवन से निकले तभी सच्ची–सच्ची शिवरात्रि कहा जाएगा अतिथि के रूप में पधारे सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता और पर्यावरण विद् आकाश वशिष्ठ ने कहा हमें प्रकृति की सेवा करनी चाहिए यह प्रकृति ईश्वर की देन है इससे छेड़छाड़ करना अर्थात समस्त मानव जाति के लिए परेशानी खड़ी करना है भगवान शिव हमे प्रकृति के साथ रहने का संदेश देते हैं

राजनगर मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी ने इस अवसर पर सभी को शिवरात्रि की शुभकामनाएं दी श्रीमती सुदर्शन ने सुंदर कार्यक्रम और आश्रम की सेवाओं की सराहना की राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी देवना और पूर्व मंडल अध्यक्ष विनीत शर्मा ने सभी अतिथियों का पटके, बुके व भगवान शिव का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत अभिनंदन किया कार्यक्रम मैं सर्वप्रथम वसुंधरा के विभिन्न सेक्टर में शिव यात्रा निकाली तत्पश्चात विभिन्न सांस्कृतिक आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया अंत में सभी अतिथियों ने भगवान शिव का ध्वज लहराया कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजय भाई सुभाष भाई प्रदीप भाई कुमकुम बहन रजनी बहन अनामिका शर्मा विनय भाई श्रीचंद चौहान अनुज राघव हिमांशु भाई अभिषेक भाई राणा शंकर भाई यश भाई प्रतिभा बहन अर्चना बहन वीना बहन माधुरी बहन विवाह बहन सुबह बहन आनंदी बहन अनुराधा बहन छाया बहन अर्जुन भाई आदि उपस्थित रहे।

# नई उड़ान का नारी शक्ति सम्मान समारोह 3 अप्रैल को रायपुर में

## सम्मान की हकदार महिलाओं को मिलेगी नई उड़ान, कोई भी बन सकता है इस सम्मान का भागीदार : उषा शर्मा

**वर्तमान सत्ता**
**रायपुर, छत्तीसगढ़।** अब हम नहीं रुकेंगे–नहीं थकेंगे, नारी को सशक्त करके समाज का कल्याण करेंगे। हमारा उद्देश्य आपको प्रोत्साहित करके आत्मनिर्भर बनाना। इसी संकल्प और उद्देश्य के साथ नई उड़ान जन सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में वूमेंस डे के उपलक्ष्य में 3 अप्रैल को रायपुर में भव्य रूप से नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न क्षेत्र (शिक्षा, पार्लर, मोटिवेशन क्लास, फैशन शो ,ब्राइडल शो, सफाई कर्मी , पुलिस कर्मी और चिकित्सा कर्मी ) महिलाओं को सम्मान दिया जाएगा।



प्रोग्राम की ऑर्गनाइजर उषा शर्मा ने बताया कि महिलाओं का मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। फाउंडेशन का यह नारी शक्ति सम्मान अवार्ड शो सीजन 3 होने जा रहा है। इससे पहले भी प्रशासन और शासन को लेकर के महिलाओं को नारी शक्ति सम्मान दिया जा चुका है। इस बार नारी शक्ति सम्मान के लिए मुंबई से सेलिब्रिटी गेस्ट शिल्पा शिंदे बिग बॉस विनर,भाभी जी घर पर है (फेम अंगूरी भाभी) और सोशल मीडिया संसेशन खुशी शेख आ रही है जिससे हर बार की तरह इस बार भी नारी शक्ति को सशक्त करने हेतु विभिन्न क्षेत्र के सामाजिक व व्यक्तिगत कार्य प्रणाली के द्वारा नारी शक्ति सम्मान अवार्ड से सम्मान किया जाएगा। साथ ही ऐसी महिलाएं जो घर चलाने के साथ–साथ नौकरी करते हुए अपनी जिम्मेदारियों को पूर्ण करती हैं व जो विभिन्न क्षेत्रों में सेवा व नवीन योजनाओं के प्रति कार्य करती हैं, ऐसी महिलाओं को नारी शक्ति सम्मान से नवाजा जाएगा। उषा शर्मा ने कहा कि नई उड़ान जन सेवा फाउंडेशन का सदैव उद्देश्य रहता है कि गांव व शहर में ऐसी शिक्षा लाई जाए जो बाहर जाकर न करनी पड़े।नेल्स क्लास, हेयर क्लास, स्किन क्लास ,मोटिवेशनल क्लास के माध्यम से नई टेक्नीक की जानकारी देकर उन्हें आगे बढ़ाना और सशक्त करना हमारा उद्देश्य है।

उषा शर्मा नई उड़ान जन सेवा फाउंडेशन की डायरेक्टर हैं। और इस शो को सपोर्ट करती हैं नई उड़ान जन फाउंडेशन की पूरी एंटायर टीम। इस शो की अधिक जानकारी के लिए 9244978267, 8839789069 नंबर पर ऑर्गनाइजर उषा शर्मा से सम्पर्क किया जा सकता है।

दैनिक वर्तमान सत्ता

27 फरवरी 2025


# पश्चिम उत्तर प्रदेश

## भाकियू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को मिली मौत की धमकी

**हापुड़ जितेन्द्र कुमार वर्तमान सत्ता।** सिंभावली क्षेत्र के गांव न्याजपुर खैया निवासी कुशलपाल आर्य ने थाने में तहरीर दी है। जिन्होंने बताया कि वह वर्तमान में भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। पिछले कुछ दिनों से कुछ लोग उन्हें नए–नए मोबाइल नंबरों से कॉल कर अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले उनके घर पर धमकी भरा पत्र भी डाला गया था, उस मामले में भी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी है। लेकिन, कोई कार्रवाई न होने से आरोपियों के हौंसले बुलंद हैं। जिस कारण उनकी और उनके परिवार के लोगों की जान को भी खतरा बना हुआ है। सीओ स्तुति सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 352, 351(4) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## रामायण से सही तरीका सीखने को मिलता है : अरूण गोविल





**वर्तमान सत्ता**

**हापुड़।** मेरठ–हापुड़ लोकसभा से बीजेपी सांसद अरुण गोविल ने ग्राम श्यामपुर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। घर–घर रामायण प्रोग्राम के तहत उन्होंने 200 लोगों को रामायण भेंट की। सांसद अरूण गोविल ने कहा कि रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ ही नहीं है। यह एक सामाजिक ग्रंथ भी है। इससे परिवार और समाज में रहने का सही तरीका सीखने को मिलता है। उन्होंने बताया कि रामायण से पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों को मजबूत बनाने की सीख मिलती है।

सांसद अरूण गोविल ने रामायण से कई उदाहरण दिए। उन्होंने बताया कि भगवान राम का निषाद राज से संबंध, शबरी के झूठे बेर खाना और वानर सेना के साथ समान व्यवहार जैसी कथाएं हमें समानता का पाठ पढ़ाती हैं। उन्होंने कहा कि हर घर में रामायण होनी चाहिए। यह जरूरी नहीं है कि पूरा परिवार एक छत के नीचे रहे। लेकिन सबकी सोच एक जैसी होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस अभियान का किसी जाति या धर्म से कोई संबंध नहीं है। जो भी रामायण लेना चाहता है, उसे दी जा रही है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, गन्ना समिति चेयरमैन कुणाल चौधरी और जिला कोषाध्यक्ष कपिल सिंहल भी मौजूद रहे।

## पुरा महादेव मंदिर पर श्रद्धालु उमड़े

### रटौल शिव मंदिर मे कलश यात्रा निकाली : पुलिस कर्मी रहे तैनात





**वर्तमान सत्ता**

**बागपत।** फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि पर भक्तों का सैलाब उमड़ा है। ऐतिहासिक पुरा महादेव परशुरामेश्वर मंदिर में हरिद्वार से गंगाजल लेकर श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। भगवान आशुतोष का जलाभिषेक कर रहे हैं। पुरा महादेव मंदिर पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है। लाखों की संख्या में भक्तों के आने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। एडीजी डीके ठाकुर, डीआईजी कलनिधि नैथानी, डीएम अस्मिता लाल और एसपी अर्पित विजयवर्गीय सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रख रहे थे। मेले में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। एडिशनल एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी व्यवस्थाएं पूर्ण हैं। सभी प्रमुख मार्गों पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। प्रत्येक मंदिर की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन का पूरा ध्यान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा पर केंद्रित है। रटौल शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर भक्तों का जनसैलाब उमड़ा। सुबह से ही श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए कतारों में लगे रहे। मंदिर परिसर हर–हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा में श्रद्धालु महिलाएं सिर पर कलश लेकर मंत्रोच्चारण करती हुई चलीं। यात्रा ने पूरे कस्बे की परिक्रमा की। भगवान शिव, माता पार्वती और शिवगणों की झांकी पर बैंड–बाजों की धुन बजती रही।

मंदिर के बाहर लगे मेले में झूले और स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने मेले का आनंद लिया। इस आयोजन की खास बात रही मुस्लिम समुदाय की सक्रिय भागीदारी। उन्होंने सेवा कार्य किए और सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग दिया। झांकी और कलश यात्रा में भी वे श्रद्धालुओं के साथ चले। प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। पुलिस बल तैनात रहा। मास्टर देवेंद्र अरोड़ा, बृजलाल गांधी, चेयरमैन जुनैद फरीदी, साजिद चौधरी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को जलाभिषेक कर परिवार की सुख–समृद्धि और देश की खुशहाली की कामना की। मान्यता है कि यहां जल चढ़ाने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

## हेलिकॉप्टर से प्रशांत चौधरी लगाया दुल्हनिया





**वर्तमान सत्ता**

**हापुड़।** मेरठ के मोहिद्दीनपुर निवासी प्रशांत चौधरी ने अपनी शादी को यादगार बनाने के लिए अनोखा तरीका चुना। वे अपनी दुल्हन शिवानी चौधरी को लेने हेलिकॉप्टर से बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के लुखराडा गांव पहुंचा।

हेलिकॉप्टर गांव में बनाए गए अस्थाई हेलीपैड पर उतरा। इस अद्भुत नजारे को देखने आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग जमा हुए। सभी के चेहरों पर खुशी और उत्सुकता साफ झलक रही थी। बुधवार सुबह शादी की रस्में पूरी हुईं। विदाई के समय नवविवाहित जोड़ा हेलिकॉप्टर से मेरठ के लिए रवाना हुआ। दूल्हे प्रशांत ने बताया कि उन दोनों की इच्छा थी कि अपनी शादी में कुछ अलग करें।

इसी सोच के चलते उन्होंने हेलिकॉप्टर से बारात लाने का फैसला किया। यह अनूठी शादी दुल्हन के परिवार और पूरे गांव के लिए किसी सपने से कम नहीं थी। इस शादी की चर्चा आसपास के सभी गांवों में हुई। हवाई विदाई ने इस शादी को सभी के लिए यादगार बना दिया।

## पत्नी पर दस लाख मांगने का आरोप लगाया

**सिंभावली।** क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने थाने में तहरीर दी है। बताया कि गांव निवासी महिला का करीब छह माह पहले अपने पति से तलाक हो गया था। तलाक के बाद और महिला सहमति पत्र के आधार पर एक–दूसरे के साथ पति–पत्नी के रूप में रहने लगे। एक सप्ताह पहले उसके पिता की तबीयत बिगड़ गई, जिस कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। वह अपने अन्य परिजनों के साथ पिता की तीमारदारी कर रहा है। तीन दिन पहले उसकी पत्नी घर में रखी आठ हजार रुपये की नकदी, अपने गहने, मोबाइल, कपड़े व अन्य सामान लेकर किसी को कुछ भी बताए बिना घर छोड़ कर चली गई। इस बारे में जानकारी मिलने पर उसने पत्नी को काफी तलाश किया, लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चल सका। इस दौरान पता चला कि पत्नी उसके दो भाइयों के खिलाफ थाने में तहरीर भी देकर गई है। मंगलवार को उसके भाई ने फोन कर उससे बात की। बात करने पर पत्नी ने 10 लाख रुपये न देने पर उसके भाइयों को दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सरस्वती इंस्टीटयूट में सेमिनार का आयोजन




**हापुड़, वर्तमान सत्ता।** हापुड़ में चिकित्सा पेशेवरों के बीच बढ़ते तनाव और मृत्यु दर को लेकर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हापुड़ और सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ने जिमखाना क्लब में यह सीएमई कार्यक्रम आयोजित किया। सेमिनार का उद्घाटन आईएमए अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार जैन, सचिव डॉ. गौरव मित्तल और पूर्व सीएमओ रेखा शर्मा ने किया। सिम्स के चीफ इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. राहुल रामटेके ने स्वास्थ्य कर्मियों में तनाव से होने वाली समस्याओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि तनाव से प्रतिरक्षा स्तर कम हो जाता है। डॉक्टरों को नियमित रूप से अपने कोलेस्ट्रॉल की जांच करवानी चाहिए।

डॉ. रामटेके ने कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों को भी एक मानव की तरह देखा जाना चाहिए। उनकी भी कुछ सीमाएं हैं। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों के मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के लिए उनके महत्वपूर्ण कार्यों का समय–समय पर सम्मान करने की बात कही। कार्यक्रम में सिम्स के वरिष्ठ चिकित्सक और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सरस्वती इंस्टीट्यूट के प्रधानाचार्य डॉ. आरके. सहगल का स्वागत किया। डॉ. पालकी नारंग ने कार्यक्रम का संचालन किया। डॉ. आशा मिश्रा और डॉ. वीपी. अग्रवाल अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। सरस्वती इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष डॉ. जे. रामाचंद्रन और उपाध्यक्ष राम्या रामाचंद्रन ने कार्यक्रम की सफलता के लिए आईएमए हापुड़ की टीम को बधाई दी।

## नाबालिग की शादी रुकवाई

**हापुड़।** धौलाना थाना क्षेत्र के मोहल्ले में 17 साल की नाबालिग का विवाह कराया जा रहा था। सूचना पर पहुंचकर टीम ने बालिका को रेस्क्यू किया। इसके बाद बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उसे वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया। चाइल्डलाइन लखनऊ से बाल विवाह की शिकायत प्राप्त होने पर बाल कल्याण समिति द्वारा थाना एएचटीयू, जिला बाल संरक्षण इकाई व वन स्टॉप सेंटर की संयुक्त टीम गठित की। अभिभावक धूमधाम से नाबालिग का विवाह करने की तैयारी में जुटे थे। टीम ने बालिका को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति हापुड़ के समक्ष पेश किया गया। समिति के अध्यक्षध्मजिस्ट्रेट अभिषेक त्यागी व मजिस्ट्रेट डॉ.इंदु गोस्वामी, बाबूराम गिरी द्वारा बालिका के आवश्यक दस्तावेज देखो। इसके बाद अग्रिम कार्यवाही होने तक बालिका को वन स्टॉप सेंटर में भेजा गया। कार्रवाई के दौरान संरक्षण अधिकारी अमित कुमार, सह आंकड़ा विश्लेषक मुकेश कुमार, वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रबंधक सोनिया, उप निरीक्षक करणवीर सिंह उपस्थित रहे।

## अस्पताल में बच्ची की मौत पर हंगामा किया

**वर्तमान सत्ता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली के सामने अस्पताल में तीन माह की बच्ची की मौत हो गई। इस दौरान परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को शांत किया। मामले में अभी तक कोई शिकायत नहीं की गई है।

गढ़ रोड स्थित मोहल्ला निवासी तीन माह की बच्ची बीमार थी। बताया जा रहा है कि परिजन बच्ची को लेकर मंगलवार को कोतवाली के सामने एक अस्पताल में उपचार के लिए लाए थे। उपचार कराने के बाद परिजन बच्ची को लेकर चले गए थे। बुधवार की सुबह परिजन दोबारा बच्ची को लेकर अस्पताल पहुंचे थे। यहां बच्ची की मौत हो गई। इस दौरान चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों ने जमकर हंगामा किया।

परिजनों का कहना था कि उनकी बच्ची की मौत चिकित्सकों की लापरवाही से हुई है। हंगामे की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। किसी तरह पुलिस ने परिजनों को समझाते हुए मामला शांत कराया और उन्हें घर भेज दिया। सीओ जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि इस संबंध पीड़ित पक्ष ने कोई शिकायत नहीं की है।

## युवक से 4.40 लाख ठगे

**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र के मोहल्ला तगासराय में एक नई साइबर ठगी का मामला सामने आया है। एक युवक से साइबर अपराधियों ने 4.40 लाख रुपये की ठगी कर ली है। पीड़ित यश जयंत को जनवरी 2024 में एक अनजान नंबर (92) से कॉल आई। कॉल रिसीव करते ही आरोपी ने उनके मोबाइल का सारा डेटा और फोटो हैक कर लिए। इसके बाद आरोपी ने युवक की फोटो को छेड़छाड़ कर अश्लील तस्वीरें बना लीं। आरोपी ने इन फर्जी तस्वीरों को युवक और उसके परिवार के मोबाइल नंबरों पर भेज दिया।

### हरियाणा से तस्करी कर बिहार बार्डर पर ले जाई जा रही

## अवैध शराब के साथ पुलिस ने तस्कर दबोचा






**वर्तमान सत्ता**

**हापुड़।** जिले में अवैध शराब तस्करों के खिलाफ पुलिस कहर बनकर टूट पड़ी है, हर रोज दो–तीन तस्करों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज रहा है। इसी कड़ी में देहात पुलिस ने अंतरराज्यीय शराब तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए मुखबिर की सूचना पर हरियाणा से तस्करी कर बिहार बार्डर पर ले जाई जा रही 25 पेटी अवैध शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से मोबाइल व फर्जी नंबर प्लेट लगी पिकअप बरामद की है। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार, दोयमी चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार व उनकी टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि हरियाणा से बिहार बार्डर के लिए एक पिकअप में हरियाणा मार्का की अवैध शराब लाई जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम ने हाईवे 9 स्थित थाने से पहले कट के पास चेकिंग शुरू कर दी। दिल्ली की तरफ से आती हुई पिकअप को पुलिस ने रोक लिया। आरोपी पिकअप चालक की पहचान सुरेंद्र निवासी मोहल्ला उत्तमनगर थाना सदर जिला हिसार (हरियाणा) के रूप में हुई। पिकअप की तलाशी के दौरान इसमें 25 पेटी हरियाणा मार्का की अवैध शराब बरामद हुई। जिसकी कीमत लगभग दो लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी तस्कर सुरेंद्र ने बताया कि उसके ही मोहल्ले के रहने वाले कुलदीप ने उसे 25 पेटी शराब हरियाणा से बिहार बार्डर तक पहुंचाने के लिए बोला था। जिसकी एवज में 25 हजार रुपये कुलदीप ने उससे तय किए थे। एएसपी ने बताया कि आरोपी सुरेंद्र शातिर शराब तस्कर है। इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आरोपी ने पिकअप में एक बेसमेंट बना रखा था। जिसमें केवल 25 पेटी शराब ही आती है। पिकअप को पकड़ने के बाद थाना प्रभारी निरीक्षक भी कुछ भी समझ नहीं पाए थे। लेकिन सख्ती से पूछताछ के दौरान पिकअप में बेसमेंट का खुलासा हुआ।

### आज भी औरंगजेब और बाबर की औलादें

## महाकुंभ जैसे विशाल आयोजन में कमियां ढूंढ रही हैं : संगीत सोम



**वर्तमान सत्ता**

**मेरठ।** भाजपा नेता संगीत सोम ने मुरादाबाद में कहा– आज भी औरंगजेब और बाबर की औलादें महाकुंभ जैसे विशाल आयोजन में कमियां ढूंढ रही हैं। अखिलेश यादव और ममता बनर्जी जैसे लोग लगातार सनातन धर्म का अपमान कर रहे हैं। मेरठ के सरधना के पूर्व विधायक संगीत सोम बुधवार को बिलारी में महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने एकदम सही बात कही है। जहां–जहां संघ की शाखाएं हैं, वहां–वहां हिंदू एक हैं और सुरक्षित भी हैं। संगीत सोम ने कहा, आरएसएस पूरी दुनिया का सबसे बड़ा संगठन है। ये संगठन मानवता के लिए और सनातन धर्म के लिए निरंतर काम कर रहा है। संगीत सोम ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस बयान का भी समर्थन किया, जिसमें सीएम ने कहा था कि महाकुंभ में जिसने जो तलाशा उसे वो मिला। गिद्धों ने लाशें तलाशी उन्हें लाशें मिलीं, सुअरों ने गंदगी तलाशी, उन्हें गंदगी मिली। संगीत सोम ने कहा कि बाबर और औरंगजेब की औलादें वहां कुछ न कुछ कमी ढूंढने का काम कर रही हैं। सपा मुखिया अखिलेश सिंह यादव और ममता बनर्जी का नाम लेकर भाजपा नेता ने कहा कि ऐसे लोग महाकुंभ पर टिप्पणी करने का काम कर रहे हैं। फरहान खान पर संगीत सोम ने कहा कि ऐसे लोगों का देश में रहने का कोई काम नहीं है।

**'आज निकल रही शिव यात्रा, पहले पूजा से भी डरते थे लोग'**

संगीम सोम यही नहीं रुके। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि उन्होंने कहा कि यहां शिव यात्रा निकाली जा रही है। पूरे देश में शिव यात्रा निकल रही है। जहां मैं खड़ा हूं वहां शिवयात्रा निकालना तो दूर, लोग शिव पूजा करने से डरते थे। आज वहीं लोग यात्रा निकाल रहे हैं।

# क्या पंजाब के रास्ते ही राज्यसभा जाएंगे केजरीवाल?

चंडीगढ़रू पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) विधायक गुरप्रीत गोगी के निधन के बाद खाली हुई लुधियाना वेस्ट सीट के लिए अभी चुनाव आयोग ने तारीखों का ऐलान नहीं किया है लेकिन आप ने राज्य सभा के सांसद संजीव अरोड़ा को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। आप के द्वारा मौजूदा राज्य सभा सदस्य को विधानसभा उपचुनाव के लिए कैंडिडेट बनाने से यह अटकलें लग रही है कि क्या अरविंद केजरीवाल पंजाब के रास्ते ही राज्यसभा जाएंगे? दिल्ली में आप संयोजक संजीव अरोड़ा के सरकारी मकान में ही रहते हैं, हालांकि आम आदमी पार्टी की तरफ से इस संभावना को खारिज किया गया है। आम आदमी पार्टी द्वारा संजीव अरोड़ा को मैदान में उतारने से लुधियाना वेस्ट सीट सुर्खियों में गई है। 2022 के पंजाब विधानसभा चुनावों में इसी सीट से आप के गुरप्रीत सिंह गोगी निर्वाचित हुए थे। उन्होंने तब कांग्रेस के उम्मीदवार भारत भूषण आशु को 7,512 वोटों से हराया था। इस सीट पर बीजेपी के कैंडिडेट बिक्रम सिंह सिद्धू तीसरे नंबर पर रहे थे। शिरोमणि अकाली दल के कैंडिडेट को चौथा स्थान हासिल हुआ था।

### अब आवास बनाने वालों के लिए

# धामी सरकार ने खोले छूट के द्वार, सपना होगा साकार



**उत्तराखंड, वर्तमान सत्ता।** धामी सरकार ने नई आवास नीति में गरीबों का आशियाने का सपना पूरा करने के लिए विकासकर्ताओं के लिए छूट के द्वार खोल दिए हैं। ईडब्ल्यूएस श्रेणी में नौ लाख के आवास पर 3.5 से 4.5 लाख रुपये राज्य व केंद्र सरकार देगी। केवल 4.5 से 5.5 लाख रुपये लाभार्थी को देने होंगे। इस रकम के लिए बैंक से लोन लेने की प्रक्रिया और खर्च भी आसान कर दिए गए हैं।

**मैदानी क्षेत्रों में भवन पर छूट** ईडब्ल्यूएस आवास पर मैदानी क्षेत्रों में प्रति आवास अधिकतम नौ लाख रुपये तय किए गए हैं। इसमें 5.5 लाख रुपये लाभार्थी को वहन करने हैं। दो लाख रुपये का अनुदान राज्य सरकार और 1.5 लाख रुपये का अनुदान केंद्र सरकार देगी। आवास बनाने वाले को नौ लाख रुपये या 30 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक होगा, वह मिलेगा।

**पर्वतीय क्षेत्रों में बाखली शैली की छूट** बाखली शैली में भवन बनाने पर और सुविधा होगी। ईडब्ल्यूएस के प्रति आवास नौ लाख में से केवल 4.5 लाख लाभार्थी को देने होंगे। तीन लाख रुपये का अनुदान राज्य सरकार देगी, जबकि 1.5 लाख रुपये का अनुदान केंद्र सरकार देगी। यानी आधा पैसा सरकार देगी।

**स्टाम्प शुल्क में छूट** ईडब्ल्यूएस के लिए 1000, एलआईजी के लिए 5000, एलएमआईजी के लिए 10,000 रुपये तय हुआ है। अभी तक छह प्रतिशत स्टाम्प शुल्क और दो प्रतिशत पंजीकरण शुल्क लगता था। जैसे अगर 10 लाख का घर है तो उसका छह प्रतिशत के हिसाब से 60,000 रुपये स्टाम्प शुल्क और दो प्रतिशत पंजीकरण के हिसाब से 20,000 रुपये पंजीकरण शुल्क लगता था। 80,000 रुपये के बजाए अब ये काम महज 1500 रुपये(500 रुपये पंजीकरण) में होगा। इसी प्रकार, बैंक से लोन लेने पर अनुबंध में स्टाम्प शुल्क 0.5 प्रतिशत लगता था जो अब नहीं लगेगा। यानी 10 लाख के आवास में 5000 रुपये भी बचेंगे।

**ईडब्ल्यूएस पर ये भी छूट** 10,000 वर्ग मीटर का भू–उपयोग परिवर्तन प्राधिकरण के स्तर से तीन माह के भीतर होगा। ईडब्ल्यूएस का नक्शा पास कराने का कोई शुल्क प्राधिकरण नहीं लेगा। परियोजना के लिए जमीन खरीदने वाले बिल्डरों को अलग से स्टाम्प शुल्क में छूट मिलेगी। यहां सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने पर इसकी प्रतिपूर्ति सरकार करेगी। परियोजना में कॉमर्शियल फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) मैदानी क्षेत्र में 25 प्रतिशत और पर्वतीय क्षेत्र में 30 प्रतिशत होगा। राज्य कर की प्रतिपूर्ति भी सरकार करेगी। परियोजना के लिए बैंक से लोन लेने पर ब्याज की प्रतिपूर्ति सरकार करेगी।

**मैदान में अब ऊंची इमारतें बनेंगी** मैदानी क्षेत्रों में आमतौर पर चार मंजिला भवन ईडब्ल्यूएस श्रेणी के बनते रहे हैं, जिनमें लिफ्ट का प्रावधान नहीं था। नई आवास नीति के हिसाब से अब आठ मंजिला या निर्धारित 30 मीटर ऊंचाई तक के भवन बना सकेंगे। इसमें लिफ्ट लगा सकेंगे, जिसका 10 साल तक रख–रखाव बिल्डर को करना होगा।

# महाशिवरात्रि पर काशी में महाकुंभ जैसा नजारा दिखा



**महाकुंभनगर, वर्तमान सत्ता।** महाशिवरात्रि पर काशी में प्रयागराज महाकुंभ जैसा नजारा दिखा। हनुमान घाट से बाबा के धाम तक श्रद्धालुओं ने दिव्य और भव्य नजारे का दर्शन किया। यह पहला मौका था, जब नागा साधु–संन्यासियों ने काशी विश्वनाथ धाम में गेट नंबर चार यानी ज्ञानवापी मार्ग से प्रवेश किया। हर–हर महादेव का जयकारा लगाते हुए नागा संन्यासियों की टोली धाम में पहुंची। इससे पहले नागा संन्यासियों को ढुंढिराज गणेश मार्ग से मंदिर परिसर में प्रवेश मिलता था।

**नागा संन्यासियों पर हुई पुष्पवर्षा** काशी विश्वनाथ धाम में पुष्पवर्षा के साथ नागा संन्यासियों का स्वागत किया गया। इस दौरान सभी अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। नागा संन्यासियों के सात अखाडों ने महाशिवरात्रि पर अपने आराध्य बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक किया। आचार्य महामंडलेश्वर की अगुवाई में नागा साधु–संन्यासी बग्घी, घोड़े और वाहनों पर सवार होकर अखाड़ों से निकले। गंगा की लहरों, काशी की गलियों में डमरू की निनाद और शंखनाद के साथ नागा संन्यासियों की पेशवाई निकली तो लोग हर– हर महादेव का जयकारे लगाते दिखे। महंत शंकर पुरी महाराज ने बताया कि यह पहला मौका है जब गेट नंबर चार से नागा संन्यासी काशी विश्वनाथ धाम में प्रवेश किया।

**अखाड़ों के महामंडलेश्वर ने की पेशवाई की अगुवाई** जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि, निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि, आनंद अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर बालकानंद गिरि, महानिर्वाणी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर विशोकानंद महाराज, सुमेरुपीठ के पीठाधीश्वर स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती और अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज राजसी यात्रा की अगुवाई में राजसी यात्रा (पेशवाई) निकाली गई। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने कहा कि सुबह सात बजे से अखाड़ों का प्रवेश मंदिर परिसर में होने लगा। इस दौरान हजारों नागा साधु–संन्यासी राजसी यात्रा में शामिल रहे।

**स्नान के बाद अखाड़ों से निकले नागा साधु, गोदौलिया पर एकत्र हुए**

महाशिवरात्रि पर बाबा विश्वनाथ को धर्मध्वजा अर्पित करने के लिए नागा साधु ब्रह्ममुहूर्त से ही तैयारियां शुरू कर दिए। गंगा स्नान करने के बाद सुबह चार बजे राजघाट से अग्नि अखाड़े के साधु, आदिकेशव घाट से आनंद अखाड़े के नागा और सुबह छह बजे हनुमान घाट स्थित श्री शंभू पंचदशनाम जूना अखाड़े से नागा संन्यासी निकले। सभी अखाड़े एक साथ गोदौलिया पर एकत्र हुए और वहां से बाबा विश्वनाथ के धाम के लिए रवाना हुए। पेशवाई में 12 रथ, घोड़े, डमरू दल के साथ बैंडबाजा भी शामिल रहा। निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि मंगलवार को बनारस पहुंच गए। दुर्गाकुंड में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने उनका स्वागत किया। पेशवाई में महामंडलेश्वर, श्रीमहंत, महंत और सभापति शामिल हुए।

### गोरक्षपीठ के शक्ति मंदिर में मुख्यमंत्री योगी ने किया

# भगवान भोले शंकर का रुद्राभिषेक



**वर्तमान सत्ता**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरक्षपीठाधीश्वर के तौर पर पावन पर्व महाशिवरात्रि का अनुष्ठान सम्पन्न किया। उन्होंने रुद्राभिषेक कर देवाधिदेव महादेव से लोकमंगल और राष्ट्रकल्याण की प्रार्थना की। रुद्राभिषेक गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर आवास में स्थित शक्ति मंदिर में हुआ। रुद्राभिषेक के उपरांत मुख्यमंत्री ने हवन कर गोरक्षपीठ में शिवोपासना का अनुष्ठान संपन्न किया। महाशिवरात्रि पर विशेष उपासना के क्रम में बुधवार की सुबह मुख्यमंत्री ने मंदिर स्थित शक्तिपीठ में भगवान भोले शंकर का गोदुग्ध से रुद्राभिषेक किया। मठ के पुरोहित एवं वेदपाठी ब्राह्मणों ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया।

रुद्राभिषेक के बाद सीएम योगी ने हवन तथा आरती कर चराचर जगत के कल्याण के लिए आदियोगी महादेव से प्रार्थना की। अनुष्ठान का यह कार्य दो घंटे से अधिक समय तक चला। इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर में भी पूजन किया।

उन्होंने यहां भगवान नंदी का पूजन कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। नाथपंथ की परंपरा में गुरु गोरखनाथ भगवान शिव के अवतार माने जाते हैं। ऐसे में गोरक्षपीठाधीश्वर के लिए महाशिवरात्रि का पर्व बेहद महत्वपूर्ण होता है। इस अवसर पर विशेष पूजन होता है। यही कारण रहा कि व्यस्तता के बीच भी मुख्यमंत्री महाशिवरात्रि पर गोरखनाथ मंदिर पहुंचे और पीठ की आनुष्ठानिक परंपरा का पूरी आस्था व निष्ठा के साथ निर्वहन किया।

**महाशिवरात्रि स्नान के लिए सुबह से कंट्रोल रूम में डटे योगी**

महाशिवरात्रि के अवसर पर महाकुंभ में पावन स्नान में व्यवस्था पर निगरानी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार की सुबह से सक्रिय रहे। गोरखनाथ मंदिर में प्रवास के दौरान सुबह चार बजे ही मंदिर में बनाए गए कंट्रोल रूम में डट गए और पल–पल की खबर लेने लगे। स्नान की व्यवस्था को टीवी स्क्रीन पर लाइव देखते रहे। समय–समय पर पुलिस व प्रशासन के अफसरों को जरूरी निर्देश देते रहे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अधिकारियों को सहेजते रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई भी असुविधा न हो और व्यवस्था को लेकर किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। व्यवस्था को लाइव देखते हुए योगी बार–बार यह कहते रहे कि श्रद्धालुओं के लिए सभी घाटों की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रहे। किसी तरह की चूक होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी समय–समय पर मुख्यमंत्री देते रहे। सीएम ने सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर विशेष रूप से ध्यान देन के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जब वह व्यवस्था को लेकर निश्चिंत हो गए तब कंट्रोल रूम छोड़ा। यद्यपि, दूरभाष के जरिये वह मेरा प्रशासन के संपर्क में निरंतर बने रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में अपार भीड़ है। 13 जनवरी से प्रारंभ हुआ महाकुंभ आज पूर्णाहुति को प्राप्त करेगा। लगभग 66 करोड़ श्रद्धालुजन मां गंगा, मां यमुना, मां सरस्वती की त्रिवेणी में पावन डुबकी लगाकर राष्ट्रीय एकात्मकता का नया संदेश दे रहे हैं। वसुधैव कुटुंबकम के भाव के साथ श्रद्धालु सभी को राष्ट्रीयता के प्रति समर्पित होने की नई प्रेरणा भी प्रदान कर रहे हैं। उधर काशी विश्वनाथ धाम में भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु जुटे हैं। पिछले डेढ़ महीने से अधिक समय से लगातार वहां पर 8 से 10 लाख श्रद्धालु प्रतिदिन बाबा विश्वनाथ धाम में दर्शन कर रहे हैं और आज तो महाशिवरात्रि भी है। अयोध्या धाम में भी यही स्थिति है। 8 से 10 लाख श्रद्धालु प्रतिदिन वहां श्रीरामजन्मभूमि पर प्रभु रामलला के दर्शन कर रहे हैं। अयोध्या में आज भी अपार भीड़ है। प्रदेश के सभी अन्य देवालयों जैसे गाजियाबाद में बाबा ददुग्धेश्वरनाथ धाम, बागपत में पुरा महादेवधाम, मेरठ के बाबा औघड़नाथ धाम, बाराबंकी के बाबा लोधेश्वरनाथ मंदिर, गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर, मानसरोवर मंदिर, मुक्तेश्वरनाथ मंदिर, नाथनगरी बरेली, गोंडा, बस्ती में बाबा भदेश्वरनाथ मंदिर, झारखंडी महादेव मंदिर, अयोध्या के नागेश्वरनाथ मंदिर, रुद्रपुर देवरिया के दुग्धेश्वरनाथ मंदिर, संतकबीरनगर के तामेश्वरनाथ मंदिर में भी श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी हुई है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि जिस लोक कल्याण के भाव की प्रेरणा देवाधिदेव महादेव से हम सबको प्राप्त होती है, उसी लोकेमंगल की कामना से हम लोग अपने समाज और राष्ट्र के लिए समर्पण भाव से कार्य कर पाएंगे।

# योगी मुझे चाहे जितनी भी गालियां दें, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता : ममता



**नई दिल्ली, वर्तमान सत्ता।** महाकुंभ पर दिए अपने बयान को लेकर आलोचना झेल रहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गिद्ध और सुअर वाली टिप्पणी पर पलटवार किया है. इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उनकी मृत्यु कुंभ वाली टिप्पणी को तोड़–मरोड़ कर पेश किया गया और पूरी तरह झूठ दिखाया गया।

सीएम बनर्जी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, योगी साहब मुझे चाहे जितनी भी गालियां दें, मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता. मैं एक मुख्यमंत्री के तौर पर उनका सम्मान करती हूं. उन्होंने आगे कहा, लेकिन मैं कहूंगी कि जो परिवार प्रभावित हुए हैं, उन्हें आपने पोस्टमॉर्टम या मृत्यु प्रमाण पत्र तक नहीं दिया है. हमने यहां पहुंचे शवों का पोस्टमॉर्टम किया है. मुझे नहीं पता कि अन्य राज्यों में क्या हुआ और अगर आपने मुआवजे की घोषणा की है तो आपको उन्हें पैसा देना चाहिए.

**144 साल वाला प्रचार करने की जरूरत नहीं**

ममता बनर्जी की ये प्रतिक्रिया योगी आदित्यनाथ के आलोचकों पर निशाना साधने के एक दिन बाद आई है. उन्होंने कहा कि हमेशा अपनी क्षमता पर विचार करना चाहिए कि कितने लोग जा सकते हैं, कितने लोग रह सकते हैं. शादी की दावत के लिए भी तैयारियां जरूरी हैं. उन्होंने कहा, ष144 साल जैसा प्रचार करने की जरूरत नहीं है. कुंभ 2014 में भी हुआ था। अपनी मृत्यु कुंभ वाली टिप्पणी पर सफाई देते हुए उन्होंने कहा, ष्हमारा यही मतलब था, लेकिन कई लोगों ने इसे तोड़–मरोड़ कर पेश किया और कई लोगों ने भयानक बातें कही हैं. मैं कहूंगी कि वे जो कह रहे हैं, वह झूठ है. पूरी तरह झूठ. कौन कहां जाएगा और क्या करेगा, यह उनका निजी मामला है। जिसकी जिसमें आस्था है, वह उसका अनुसरण करेगा। मैंने अपने जीवन में कभी किसी धर्म का अपमान नहीं किया है और न ही कभी करूंगी।

**बंगाल में भी होते हैं भीड़ वाले आयोजन**

टीएमसी चीफ ने कहा कि बंगाल में भी ऐसे आयोजन होते हैं जिनमें भारी भीड़ होती है– जैसे गंगासागर मेला और दुर्गा पूजा. उन्होंने कहा, हम कई दिनों तक नहीं सोते. हम हर चीज पर नजर रखते हैं. हम बारीकी से योजना बनाते हैं, नहीं तो लोगों को परेशानी होती है

ज्ञात हो कि यूपी विधानसभा में सीएम योगी ने कहा था, गिद्धों को लाशें मिलीं. सुअरों को गंदगी मिली. संवेदनशील लोगों को रिश्तों की खूबसूरत तस्वीर मिली, व्यापारियों को कारोबार मिला, श्रद्धालुओं को साफ–सुथरी व्यवस्था मिली।

# मुख्यमंत्री योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

**शीघ्रता से करें जन समस्याओं का समाधान, बदमाशों को सिखाएं कानूनी सबक : सीएम**



**वर्तमान सत्ता**

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विश्व के सबसे बड़े आयोजन प्रयागराज महाकुंभ के आखिरी स्नान पर्व (महाशिवरात्रि) पर आज तड़के से ही ऑनलाइन निगरानी करते रहे। साथ ही देवाधिदेव महादेव की आराधना के इस विशेष पर्व पर आनुष्ठानिक व्यस्तता के बावजूद उन्होंने जनता दर्शन में आए लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जाए। आमजन को सताने, धमकाने और संपत्ति कब्जा करने वाले बदमाशों को कानूनी सबक सिखाया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है।

जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम योगी खुद पहुंचे और एक–एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि सरकार किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

**हर किसी को मिलेगी इलाज में मदद**

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए।

**बच्चों से ठिठोली कर योगी ने दिया आशीर्वाद**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन करने आए बच्चों पर खूब प्यार–दुलार बरसाया। उन्होंने इन बच्चों से खूब बातें की, हंसी–ठिठोली के बीच उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और फिर चॉकलेट गिफ्ट करते हुए उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। गोरखपुर प्रवास के दौरान बुधवार सुबह सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन–पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। इसके बाद वह मंदिर परिसर का भ्रमण करने निकले। भ्रमण के दौरान सीएम योगी की नजर परिजनों के साथ आए बच्चों पर पड़ी तो उन्होंने सबको अपने पास बुला लिया। सभी बच्चों से उनका नाम पूछा, कहां से आए हैं और किस क्लास में पढ़ते हैं, इसकी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बच्चों से बेहद आत्मीय तरीके से संवाद करने के साथ उनसे खूब हंसी ठिठोली भी की। सबको चॉकलेट गिफ्ट देकर और सबके माथे पर हाथ फेरकर प्यार–दुलार, आशीर्वाद दिया।

# दो मजदूर संठगनों के बीच मारपीट

## महिलाएं समेत कई घायल

**वर्तमान सत्ता**

**नोएडा।** डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली एजी एनवायरो नामक कंपनी के दो मजदूर संठगनों के बीच विवाद हो गया। दोनों संगठनों के बीच बुधवार देर रात जमकर मारपीट की गई। दोनों पक्षों की ओर से थाना फेज–वन में शिकायत दी गई है। वहीं, घायल लोगों का मेडिकल कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बता दें एजी एनवायरो नामक कंपनी नोएडा प्राधिकरण की ठेकेदार कंपनी है। सेक्टर आठ में कंपनी का ऑफिस है। ये कंपनी शहर में डोर–टू–डोर कूड़ा उठाने का कार्य करती है। इसमें दो मजदूर संगठनों में विभिन्न मुद्दों पर कंपनी से आपसी विवाद चल रहा है। वेतन और कार्य को लेकर दोनों संगठन के बीच आपस में अनबन है। इन दोनों संगठनों की कंपनी और प्राधिकरण से भी कई बार बातचीत हो चुकी है। इसी कंपनी में रोहित निवासी सेक्टर पांच में कार्य करता है। बुधवार देर रात रोहित एवं उसके अन्य साथी दूसरे पक्ष के ईश्वर वाल्मिकी नाम के व्यक्ति के यहां गए। वहां दोनों ने पहले बातचीत की। इसके बाद झगड़ा हो गया। जिसमें दोनों पक्षों के लोगों को चोट आई हैं। दोनों पक्षों से घायल व्यक्तियों एवं महिलाओं का मेडिकल कराया गया। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।




## महिला के घर हमला किया

**नोएडा।** थाना सेक्टर–39 क्षेत्र के सेक्टर–36 में रहने वाली एक महिला के घर में घुसकर पूर्व नौकर ने उसके ऊपर नुकिले हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को आज गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि आरोपी ने वर्ष 2017 तक महिला के घर पर काम किया था। उसने महिला से वेतन बढ़ाने के लिए कहा था तो महिला ने इन्कार कर दिया था। इस बात से वह रंजिश रखता था। थाना सेक्टर–39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर–36 में रहने वाली बिन्नू कक्कड़ ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी सास किरण कक्कड़ घर पर अकेली थी, तभी उसके घर में एक अज्ञात व्यक्ति नुकीला हथियार लेकर आया तथा उसकी सास के ऊपर हमला कर दिया। उसकी सास ने शोर मचाया तो वह वहां से भाग निकला। उन्होंने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# यमुना प्राधिकरण ला रहा है आवासीय भूखंड की योजना

## आवंटन के साथ देना होगा पैसा





**वर्तमान सत्ता**

**ग्रेटा नोएडा।** जेवर में बन रहे एयरपोर्ट के पास यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण सेक्टर –18 में आवासीय भूखंड योजना लाने पर काम कर रहे हैं। प्राधिकरण ने रेरा से रजिस्ट्रेशन कराने के लिए प्राधिकरण ने आवेदन कर दिया है। रेरा से रजिस्ट्रेशन होने के बाद प्राधिकरण योजना लांच कर देगा। नवंबर 2024 में प्राधिकरण आवासीय योजना 451 भूखंड की योजना लाया था। चार महीने के बाद प्राधिकरण दूसरी बार आवासीय भूखंड की योजना ला रहा है।

एयरपोर्ट का अप्रैल में उद्घाटन प्रस्तावित है। एयरपोर्ट निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण क्षेत्र में जमीनों की कीमत आसमान छूने लगा है। ऐसे में एयरपोर्ट के पास मकान होने का हर कोई सपना देख रहा है। इस सपना को पूरा करने के लिए यमुना एक्सप्रेस–वे प्राधिकरण सेक्टर–18 में आवासीय भूखंड की योजना ला रहा है। मार्च के फर्स्ट वीक में योजना लांच होने की उम्मीद है। योजना में 200 वर्गमीटर के 272 भूखंड होंगे। योजना में सिर्फ भूखंड की कुल कीमत एक मुश्त विकल्प रहेगा। आवेदन के दौरान 20 फीसदी रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा करना होगा। शेष 80 फीसदी पैसा आवंटन पत्र जारी होने पर 60 दिन के दिन भुगतान करना होगा। वर्तमान में प्राधिकरण के आवासीय भूखंड की दर 25,900 रुपये प्रति वर्गमीटर निर्धारित है। जमीन का मुआवजा दर बढ़ने पर प्राधिकरण अपने संपत्तियों की दरों में बढ़ोत्तरी करने जा रहा है। ऐसे माना जा रहा है कि आवासीय भूखंड की दर भी 30,000 वर्गमीटर हो सकता है।




# लोगों ने मामा–भांजे को डंडों से पीटा



**ग्रेटर नोएडा, वर्तमान सत्ता।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान रोडरेज का मामला सामने आया है। पलवल के कुशक बडौली गांव के रहने वाले कपिल और उनके भांजे को चार लोगों ने डंडों से पीटकर घायल कर दिया। कपिल अपने भांजे के साथ रामपुर माजरा गांव में एक रिश्तेदार की शादी में जा रहे थे। गांव के पास पहुंचने पर सामने से आ रही एक गाड़ी से बचने के दौरान दूसरे वाहन चालक से उनकी कहासुनी हो गई। आरोप है कि इस दौरान दूसरे पक्ष ने अपने साथियों को फोन कर बुला लिया।

मौके पर पहुंचे लोगों ने मामा–भांजे दोनों को डंडों से पीटा। घायल अवस्था में दोनों ने पहले बिलासपुर पुलिस चौकी में शिकायत की। बाद में बुधवार को दनकौर कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि पीड़ित पक्ष की शिकायत दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घायलों का नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# फ्लैट में लगी आग

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की निराला ग्रीन शायर सोसायटी के एक फ्लैट में आग लग गई। खास बात है कि जब आग लगी तो परिवार के सदस्य घर में ही मौजूद थे। आग लगने के बारे में उन्हें काफी देर बाद पता चला। तब तक काफी सामान जल चुका था। लोगों ने बताया कि फायर विभाग को सूचना दे दी गई थी, लेकिन लोगों ने स्वयं के प्रयास से ही आग पर काबू पा लिया। आग के कारण फ्लैट में रखा लाखों रुपये का सामान जल गया। सोसायटी के जी–10 टावर के फ्लैट नंबर–303 में रात के वक्त परिवार के लोग घर में ही थे। शार्ट सर्किट के कारण एक कमरे में आग लग गई। आग के कारण कमरे में रखा काफी सामान जल गया। धूंए और बदबू के कारण परिवार के लोगों को आग लगने की जानकारी हुई। सदस्यों ने तत्काल प्रयास कर आग पर काबू पा लिया। संभावना जताई जा रही है कि शार्ट सर्किट के कारण आग लगी




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमती कुसुमलता भाटी ने वर्तमान ऑफसेट याकूबपुर गांव, हॉजरी कांप्लैक्स, फेज–2, नोएडा गौतमबुद्धनगर से छपवाकर याकूबपुर गांव, हॉजरी कांप्लैक्स, फेज–2, नोएडा गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित किया। संपादक : शोभाराम भाटी, आर.एन.आई. नं. 72344/98, मो. नं. : 9810420278
E-maill: vartmansatta@ yahoo.com